दैनिक सत्ता सुधार

शिवपुरी ■ रविवार 26 जनवरी 2025 ■ वर्ष -25 ■ अंक-237 ■ पृष्ठ-16 ■ मूल्य-₹03

जनता के साथ जनता की आवाज

26 जनवरी गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं

## अवकाश सूचना

दैनिक समाचार पत्र **सत्ता सुधार** के कार्यालयों में गणतंत्र दिवस पर आज रविवार को अवकाश रहेगा। अतः अगला अंक मंगलवार 28 जनवरी 2025 को प्रकाशित होगा।

## शुभकामनाएं

दैनिक समाचार पत्र **सत्ता सुधार** की ओर से सभी पाठकों, विज्ञापनदाताओं और शुभ चिंतकों को गणतंत्र दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं।

**- संपादक**



### गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति बोलीं

# संविधान हमारी सामूहिक अस्मिता का आधार

**एजेंसी ■ नई दिल्ली**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 76वें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर शनिवार को राष्ट्र को संबोधित किया। राष्ट्रपति ने कहा-गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर मैं आप सबको हार्दिक बधाई देती हूं। विश्व की प्राचीनतम सभ्यताओं में शामिल भारत को ज्ञान और विवेक का उद्गम माना जाता था लेकिन भारत को एक अंधकारमय दौर से गुजरना पड़ा। आज के दिन सबसे पहले हम उन सूर वीरों को याद करते हैं जिन्होंने मातृभूमि को विदेशी शासन की बेड़ियों से मुक्त करने के लिए बड़ी से बड़ी कुर्बानी दी। इस वर्ष हम भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती मना रहे हैं। वे ऐसे अग्रणी स्वाधीनता सेनानियों में शामिल हैं, जिनकी भूमिका को राष्ट्रीय इतिहास के संदर्भ में अब समुचित महत्व दिया जा रहा है। मुर्मू ने कहा- न्याय, स्वतंत्रता, समता और बंधुता केवल सैद्धांतिक अवधारणाएं नहीं हैं जिनका परिचय हमें आधुनिक युग में प्राप्त हुआ हो। ये जीवन मूल्य सदा से ही हमारी सभ्यता और संस्कृति का अंग रहे हैं। भारत के गणतांत्रिक मूल्यों का प्रतिबिंब हमारी संविधान सभा की संरचना में दिखाई देता है।

**जीवन मूल्य सदा से ही हमारी सभ्यता और संस्कृति का अंग**

### सरकार ने जन-कल्याण को नई परिभाषा दी

सरकार ने जन-कल्याण को नई परिभाषा दी है जिसके अनुसार आवास और पेयजल जैसी बुनियादी जरूरतों को अधिकार माना गया है। प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना द्वारा रोजगार और आमदनी के अवसर उत्पन्न करके अनुसूचित जातियों के लोगों की गरीबी को तेजी से कम किया जा रहा है। सरकार ने वित्त के क्षेत्र में जिस तरह से प्रौद्योगिकी का उपयोग किया है, वह एक मिसाल है।

### क्षेत्रीय भाषाओं को दिया जा रहा बढ़ावा

हमारी परंपराओं और रीति-रिवाजों को संरक्षित करने व उनमें नई ऊर्जा का संचार करने के लिए संस्कृति के क्षेत्र में अनेक प्रयास किए जा रहे हैं। गुजरात के वडनगर में भारत के प्रथम पुरातात्विक अनुभवात्मक संग्रहालय का कार्य पूरा होने वाला है। शिक्षा के विभिन्न स्तरों पर शिक्षण-माध्यम के रूप में क्षेत्रीय भाषाओं को बढ़ावा दिया जा रहा है।

### अंतरिक्ष विज्ञान में इसरो की बड़ी उपलब्धियां

राष्ट्रपति ने इस मौके पर इसरो की उपलब्धियों और खिलाड़ियों के प्रदर्शन की भी सराहना की है। उन्होंने कहा, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने हाल के वर्षों में अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में बहुत बड़ी उपलब्धियां हासिल की हैं। विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण और उल्लेखनीय प्रगति के बल पर हम अपना सिर ऊंचा करके भविष्य की ओर कदम बढ़ा रहे हैं। वर्ष 2024 में डी. गुकेश ने अब तक का सबसे कम उम्र का विश्व चैंपियन बनकर इतिहास रच दिया।

# मध्यप्रदेश में कड़ाके की ठंड में चढ़ा सियासी 'पारा'

### नकली गांधी परिवार ने असली को मिटाने लगा दिया पूरा जीवन

## ग्वालियर में सीएम डॉ. मोहन यादव ने गांधी परिवार पर बोला बड़ा हमला

- कांग्रेस ने चार पीढ़ियों तक किया बाबा साहब आंबेडकर का अपमान
- सत्ता जैसे ही नेहरू ने पकड़ी, वैसे ही सब बिगाड़ने का काम किया
- कांग्रेस को पहले अपने नाना नेहरू के कर्मों पर माफी मांगनी चाहिए

**सत्ता सुधार ■ ग्वालियर**

जनवरी में पड़ रही कड़ाके की ठंड में भी मध्यप्रदेश का सियासी पारा चढ़ गया है। कांग्रेस पार्टी साल की पहली बड़ी रैली मप्र में करने जा रही है। इसी बीच भाजपा ने उससे पहले संविधान गौरव अभियान छेड़ दिया है।

ग्वालियर पहुंचे सूबे के मुख्यमंत्री ने जमकर कांग्रेस को बाबा साहब के नाम पर घेरा। सीएम डॉ. मोहन यादव ने ग्वालियर के जीवाजी विवि में आयोजित संविधान गौरव अभियान समारोह के दौरान कहा कि कांग्रेस ने डॉ. भीमराव आंबेडकर का चार पीढ़ियों तक अपमान किया और उन्हें भारत रत्न तक नहीं दिया। सीएम ने कहा, आजादी और उसकी बाद की कांग्रेस को देखो, सत्ता जैसे ही नेहरू ने पकड़ी, वैसे ही सब बिगाड़ने का काम किया है। सुभाष चंद्र बोस को इस्तीफा भी देना पड़ा, सरदार वल्लभभाई पटेल के साथ भी अन्याय किया है। कांग्रेस की चार पीढ़ी हो गई है, लेकिन बाबा साहब का अपमान करना नहीं भूले हैं। कांग्रेस को यात्रा निकालने से पहले अपने नाना नेहरू के कर्मों पर माफी मांगनी चाहिए। राहुल गांधी और प्रियंका गांधी इतने लोकप्रिय हैं, देश के कोने में चले जाएंगे, लेकिन दिल्ली में कभी चुनाव नहीं लड़ते हैं। आंबेडकर अगर उपचुनाव लड़ते हैं, तो उस समय के प्रधानमंत्री हराने का काम करते हैं, जिसने चुनाव हराया उसे पद्मभूषण देते हैं।



### तीन बिंदुओं पर कांग्रेस की यात्रा

सीएम ने कहा कि सरकार और सत्ता चली गई तब बाबा साहब आंबेडकर याद आ रहे हैं। कांग्रेस तीन बिंदुओं पर अपनी यात्रा निकाल रही है। महात्मा गांधी के पूरे खानदान का नाम मिटाने में योगदान है तो कांग्रेस का है। नकली गांधी परिवार ने, असली गांधी परिवार को मिटाने के लिए पूरा जीवन लगा दिया। हमारे यहां बहन बेटी शादी करके चले जाए तो सरनेम बदलता है, लेकिन यहां वोट के लिए सरनेम नहीं बदलते हैं।

### महू में कांग्रेस की यात्रा सिर्फ ढोंग: आर्य

भाजपा के एससी मोर्च के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य ने कहा कि महू में कांग्रेस की यात्रा सिर्फ ढोंग है। देश को संविधान में आए हुए 75 वर्ष हो गए, लेकिन कभी संविधान दिवस नहीं मनाया गया। भारतीय संविधान आत्मा को कुचलने का काम कांग्रेस ने ही किया है। एक बार नहीं कई बार किया है। 92 बार से ज्यादा चुनी हुई सरकार को गिराने का काम, 80 बार संशोधन किया है। कांग्रेस ने तो संविधान की प्रस्तावना को भी स्कूल से बंद करवा दिया था।

# मप्र की शैली होल्कर-जोशीला और चौहान को पद्मश्री

## नामचीन हस्तियों को पद्मः स्वतंत्रता सेनानी लोबो, सरदेसाई और बतूल का भी नाम









### मध्यप्रदेश से तीन, उत्तराखंड, बिहार से 2-2 और दिल्ली से एक नाम का एलान

**सत्ता सुधार ■ भोपाल/नई दिल्ली**

गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नामचीन हस्तियों को पद्म पुरस्कारों की घोषणा की। गोवा स्वतंत्रता आंदोलन की सेनानी लीबिया लोबो सरदेसाई, मध्यप्रदेश के उद्यमी शैली होल्कर, मराठी लेखक मारुति भुजंगराव को पद्मश्री दिया जाएगा। दिल्ली की स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. नीरजा भटला, सामाजिक कार्यकर्ता भीम सिंह भावेश, दक्षिण भारतीय संगीतकार पी. दत्चनमूर्ति, नगालैंड के फल किसान एल. हैंगथिंग को भी पद्मश्री से सम्मानित किया जाएगा। प.बंगाल के ढाक वादक गोकुल चंद्र दास, कुवैत की योग टीचर शेखा ए जे अल सबा, उत्तराखंड के ट्रैवल ब्लॉगर दंपति ह्यूग और कोलीन गैंटजर, पुडुचेरी के वाद्य यंत्र थविल वादक पी दत्ताचनामूर्ति को पद्मश्री मिलेगा। इनके अलावा भजन भेरू सिंह चौहान, उपन्यासकार जगदीश जोशीला भी पद्मश्री पुरस्कार पाने वालों में शामिल हैं।

### इन्हें मिलेगा पद्मश्री

एल हैंगथिंग नगालैंड, जुमदे योमगम गैमलिन अरुणाचल, जोयनाचरण बाथरी असम, नरेन गुरुंग सिक्किम, विलास डांगरे महाराष्ट्र, डॉ. नीरजा भाटला दिल्ली, निर्मला देवी बिहार, भीम सिंह बिहार, शैली होल्कर मप्र, जगदीश जोशीला मप्र,भेरू सिंह चौहान मप्र, ह्यू गैंटजर उत्तराखंड, कोलीन गैंटजर उत्तराखंड, राधा बहिन भट्ट उत्तराखंड, सुरेश सोनी गुजरात, पंडीराम मंडावी छग, हरिमन शर्मा हिमाचल, हरविंदर सिंह हरियाणा, वेंकप्पा अम्बाजी सुगतेकर कर्नाटक, पी दत्चानमूर्ति पुडुचेरी, लीबिया लोबो सरदेसाई गोवा और गोकुल चंद्र दास प. बंगाल का पद्मश्री से नवाजा जाएगा।

**शारदा सिन्हा समेत 7 को पद्म विभूषण:** पंकज उधास, सुशील मोदी समेत 19 को पद्म भूषण और 113 को पद्मश्री दिया जाएगा। पद्म पुरस्कार विजेताओं में से 21 महिलाएं हैं। इनमें 6 विदेशी/एनआरआई/पीआईओ/ओसीआई श्रेणी के लोग भी हैं। 9 हस्तियां ऐसी हैं, जिन्हें मरणोपरांत पुरस्कार दिए जा रहे हैं।




# वीरता पदक से चूका एमपी! 4 अफसरों को राष्ट्रपति का विशिष्ट सेवा पदक

- भोपाल-इंदौर में पुलिस आयुक्त रहे देउस्कर, आईजी हिमानी को राष्ट्रपति विशिष्ट सेवा पदक
- 5 अगस्त 2025 को अलंकरण समारोह में इन्हें पदक प्रदान किए जाएंगे
- वर्ष 2025 के लिए सेवा पदक के लिए पुलिस के अधिकारी-कर्मचारियों के नाम घोषित
- आईजी रुचि वर्धन मिश्रा, डीआईजी बीरेन्द्र सिंह सहित 17 को मिलेगा सराहनीय सेवा पदक





**सत्ता सुधार ■ भोपाल**

गणतंत्र दिवस के पूर्व केंद्रीय गृह मंत्रालय ने वीरता, राष्ट्रपति विशिष्ट सेवा और सराहनीय सेवा पदक के लिए पुलिस के अधिकारी-कर्मचारियों के नाम घोषित कर दिए हैं। प्रदेश से इसके लिए चार अधिकारियों को चुना गया है। इसमें भोपाल और इंदौर में पुलिस आयुक्त रहे पुलिस महानिरीक्षक मकरंद देउस्कर, पुलिस महानिरीक्षक (महिला सुरक्षा) हिमानी खन्ना, पुलिस मुख्यालय में प्रशिक्षण शाखा में पदस्थ निरीक्षक नवाब खान और निरीक्षक वीर विक्रम सिंह सेंगर को राष्ट्रपति का विशिष्ट सेवा पदक देने की घोषणा की गई। होमगार्ड के दो अधिकारियों को भी राष्ट्रपति का पदक मिलेगा। इनमें सिविल डिफेंस वार्डन सुनील कुमार गर्ग और एलेक्स जेंडर वार्डर शामिल हैं। राष्ट्रपति के वीरता पदक के लिए किसी को नहीं चुना गया है। स्वाधीनता दिवस 15 अगस्त 2025 को अलंकरण समारोह में इन्हें पदक प्रदान किए जाएंगे।

# आतंकी राणा को अमेरिका से लाया जाएगा भारत

**वाशिंगटन।** अमेरिका की सुप्रीम कोर्ट ने 2008 के मुंबई आतंकी हमले के दोषी तहव्वुर राणा के भारत प्रत्यर्पण को मंजूरी दे दी है। भारत सरकार लंबे समय से इसकी कोशिश कर रही थी। अब तहव्वुर राणा को भारत लाने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। राणा ने निचली अदालतों में कानूनी लड़ाई हारने के बाद भारत में अपने प्रत्यर्पण के खिलाफ अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था। उसने फ्रांसिस्को में यूएस कोर्ट ऑफ अपील में याचिका दायर की थी, जो उसके लिए आखिरी मौका था। अब सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद वह भी खारिज हो चुका है। राणा को 26/11 मुंबई हमलों का मास्टरमाइंड माना गया है। भारतीय जांच एजेंसियों का दावा है कि राणा का संबंध पाक-अमेरिकी लश्कर-ए-तैयबा के आतंकवादी डेविड कोलमैन हेडली से था। हेडली भी मुंबई हमले में शामिल मुख्य साजिशकर्ताओं में से एक है। आरोप है कि उसने पाकिस्तान में आतंकवादियों को ट्रेनिंग देने और भारत भेजने की पूरी प्लानिंग बनाई थी।



**26/11 मुंबई हमलों के दोषी, सुप्रीम कोर्ट ने मंजूरी दी**

**संकल्प पत्र-3** भाजपा ने कहा-निर्माण और बेचने का भी दिया जाएगा अधिकार

# अमित शाह का वादा- दिल्ली की 1700 अवैध कॉलोनियों के लोगों को मिलेगा मालिकाना हक

**एजेंसी ■ नई दिल्ली**

दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी ने शनिवार को संकल्प पत्र को जारी किया। भाजपा ने तीन चरणों में अपना संकल्प पत्र किया है। जिसमें दिल्ली की जनता से कई वादे किए गए हैं। संकल्प पत्र के तीसरा भाग केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जारी किया है। अमित शाह ने कहा कि हमारी सरकार सत्ता में आती है तो दिल्ली में रेहड़ी-पटरी वालों को हमारी सरकार आर्थिक मदद देगी। इसके अलावा 1700 अनाधिकृत कॉलोनियों में रहने वाले लोगों को मालिकाना हक देंगे साथ ही निर्माण और बेचने का अधिकार दिया जाएगा। शाह ने कहा कि मैंने केजरीवाल



जैसा झूठा इंसान अपने पूरे जीवन में नहीं देखा है। अभी महाकुंभ लगा है, केजरीवाल डुबकी लगा लो तो झूठ बोलने के पाप कट जाएंगे। केजरीवाल ने दिल्ली में स्कूलों और मंदिरों, गुरुद्वारों को भी नहीं बख्शा। सबके ठेके दे दिए, हजारों करोड़ का घोटाला किया। केजरीवाल ने हर चुनाव में झूठे वादे किए हैं।

### भाजपा कोरे वादे नहीं करती

- यमुना रिवर फ्रंट का विकास करेंगे।
- दिल्ली में पांच लाख तक का फ्री इलाज देंगे।
- आयुष्मान योजना का लाभ देंगे।
- युवाओं को 50 हजार सरकारी नौकरी देंगे।
- 13 हजार बसों को ई-बसों में बदलेंगे।
- दिल्ली की सील दुकानों को फिर से खुलवाएंगे।
- दुकानों को फ्री होल्ड करने का काम किया जाएगा।
- गिग श्रमिकों के लिए 5 लाख रुपए दुर्घटना बीमा देंगे।
- श्रमिकों को टूलकिट के लिए 10 हजार रुपए की सहायता दी जाएगी।

## ब्रीफ न्यूज

### राष्ट्रपति मुर्मु ने किया झाबुआ कलेक्टर को सम्मानित



**भोपाल।** राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने झाबुआ कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री नेहा मीणा को स्वीप गतिविधियों के सफल संचालन के लिए वर्ष 2024-25 के लिए बेस्ट इलेक्टोरल प्रैक्टिसेज अवॉर्ड से सम्मानित किया। मीणा ने झाबुआ जिले में भगोरिया उत्सव की पारंपरिक परिधान पहने शुभंकर युगल 'चुनावी काका - चुनावी काकी' का उपयोग कर स्वीप अभियान चलाया। इससे मतदाता जागरूकता को बढ़ावा मिला।

### सीएम ने पर्यटन दिवस की प्रदेशवासियों दी बधाई

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राष्ट्रीय पर्यटन दिवस की बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्यटन अध्यात्म, संस्कृति और परंपराओं से आत्मसात होने का प्रभावी माध्यम है। पर्यटन के विविध आयामों के परिप्रेक्ष्य में मप्र सहित देश का कोना-कोना समृद्ध है। सीएम ने धरोहर, संस्कृति और परंपराओं से विश्व को परिचित कराने के प्रयासों में सभी से योगदान देने का आव्हान किया है।

### सीएम ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर दी बधाई

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेशवासियों को राष्ट्रीय मतदाता दिवस की बधाई दी है। उन्होंने कहा कि जागरूक मतदाता प्रगति, अंत्योदय के संकल्प की सिद्धि और लोकतंत्र की सुदृढ़ता का आधार हैं। यह दिवस हमें मतदान करने अधिकार ही नहीं, बल्कि कर्तव्य का निर्वहन करें। मुख्यमंत्री ने मतदाताओं से सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का आवश्यक रूप से प्रयोग करने का आव्हान किया।

### मुख्यमंत्री हिमाचल प्रदेश के स्थापना दिवस पर दी बधाई

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्राकृतिक सौंदर्य, सांस्कृतिक धरोहर एवं आध्यात्मिक चेतना की पावन धरा हिमाचल प्रदेश के स्थापना दिवस की प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई दी है। उन्होंने प्रदेश की निरंतर प्रगति, नागरिकों के जीवन में खुशहाली और समृद्धि की बाबा महाकाल से कामना की है।

### मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव यूके और जर्मनी के बाद कल जाएंगे जापान

# उद्योगपतियों को देंगे आमंत्रण, निवेश के साथ साझेदारी को मिलेगी नई उड़ान

सत्ता सुधार ■ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का मध्यप्रदेश को औद्योगिक हब बनाने का संकल्प आकार लेने लगा है। देश के महानगरों में उद्योगपतियों के साथ इंटरेक्शन, प्रदेश में रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव और जर्मनी-यूके में निवेश की अपार सफलता के बाद अब मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जापान की 4 दिवसीय यात्रा पर 27 जनवरी को रवाना होंगे। मुख्यमंत्री जापान के टोक्यो, ओसाका और कोबे जैसे प्रमुख शहरों में स्थानीय उद्योगपतियों से मप्र में निवेश के संबंध में संवाद करेंगे। साथ ही 24 और 25 फरवरी को भोपाल में आयोजित होने वाली ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट के लिए आमंत्रित करेंगे। सीएम डॉ. यादव का जापान दौरा मध्यप्रदेश से जापान के उद्योगपतियों और औद्योगिक संगठनों को निवेश अवसरों से अवगत कराएगा। भारत-जापान संबंधों को और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव 27 जनवरी सोमवार शाम इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट नई दिल्ली से टोक्यो के लिए रवाना होंगे। मुख्यमंत्री 28 जनवरी की दरम्यानी रात 2.25 बजे टोक्यो के हानेडा हवाई अड्डे पर पहुंचेंगे। जहां से सुबह 3.45 बजे इम्पीरियल होटल जाएंगे। यहां फ्रेंडस ऑफ एमपी की जापान टीम से मुलाकात करेंगे। सुबह 9.15 बजे भारतीय राजदूत महामहिम सिबी जॉर्ज से उनके निवास पर औपचारिक मुलाकात करेंगे। मुख्यमंत्री सुबह 10.15 बजे एडो गावा सिटी स्थित महात्मा गांधी पार्क पहुंचकर महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सुबह 11.30 बजे भारतीय दूतावास में आयोजित रोड-शो 'सेलिब्रेटिंग इंडिया-जापान रिलेशनशिप मध्यप्रदेश' में भाग लेंगे। यहां निवेश और साझेदारी की संभावनाओं पर उद्योगपतियों से चर्चा करेंगे। इसके बाद दोपहर 1.30 से 3 बजे तक उद्योगपतियों से वन-टू-वन बैठक करेंगे। दोपहर 3.30 बजे भारतीय राजदूत के निवास पर आयोजित भोज में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री 29 जनवरी को सुबह 7 से 8.30 बजे इम्पीरियल होटल में उद्योगपतियों के साथ वन-टू-वन चर्चा में शामिल होंगे। इसके बाद जापान के प्रमुख उद्योगपतियों और संगठनों से मुलाकात करेंगे, जिनमें केदानरेन, जेट्रो एचक्यू जैसे बड़े नाम शामिल हैं, डॉ. यादव सुबह 10.15 बजे टोक्यो स्थित ब्रिजस्टोन हेडक्वाटर्स में उद्योगपतियों से चर्चा करेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री टोक्यो के पर्यटन स्थलों का भ्रमण करेंगे। दोपहर 2 बजे इम्पीरियल होटल पहुंचकर फ्रेंडस ऑफ एमपी के साथ संवाद एवं भोज करेंगे।

#### 31 को ओसाका, क्योटो, टोक्यो



मुख्यमंत्री डॉ. यादव सुबह 6 से 7 बजे तक जीटूजी एवं बीटूजी बैठक में शामिल होंगे। इसके बाद ओसाका से सुबह 7 बजे क्योटो जाएंगे। सुबह 8 बजे क्योटो पहुंचकर जापान की सांस्कृतिक और औद्योगिक प्रगति को जानने के लिये विभिन्न साइट्स का विजिट करेंगे। दोपहर 2 बजे क्योटो से शिंकानसेन बुलेट ट्रेन से यात्रा कर शाम 4.30 बजे टोक्यो पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव 1 फरवरी को सुबह 4.30 बजे टोक्यो से भारत के लिए रवाना होकर शाम 5.30 बजे नई दिल्ली आएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव इन सत्रों में मध्यप्रदेश में निवेश, नवाचार और सतत विकास को बढ़ावा देने वाली पहलों पर विशेष रूप से प्रकाश डालेंगे। पहले से ही राज्य में काम कर रहे प्रतिष्ठित जापानी कंपनियों के प्रतिनिधि अपनी सफलता की कहानियां साझा करेंगे। साथ ही, निवेशकों को मुख्यमंत्री के साथ व्यक्तिगत बैठक का अवसर मिलेगा। मुख्य क्षेत्र कृषि, डेयरी एवं फूड प्रोसेसिंग, फिनटेक, आईटी/आईटीईएस और रोबोटिक्स, फार्मास्युटिकल्स, मेडिकल डिवाइस, इलेक्ट्रिक वाहन, ऑटोमोबाइल, शहरी एवं औद्योगिक बुनियादी ढांचे, एयरोस्पेस और रक्षा, सहित पर्यटन जैसे क्षेत्रों पर केंद्रित होगा।

#### 30 को बुलेट ट्रेन से जाएंगे कोबे

मुख्यमंत्री डॉ. यादव टोक्यो से सुबह 4.30 बजे शिंकानसेन बुलेट ट्रेन से निकलकर सुबह 8.30 बजे कोबे पहुंचेंगे। यहां वे सिस्मेक्स कंपनी के अधिकारियों के साथ उनकी साइट का दौरा करेंगे। कोबे से ओसाका के लिए यात्रा के बाद, वे पैनासोनिक एनर्जी के अधिकारियों से चर्चा करेंगे। इसके बाद ओसाका में इम्पीरियल होटल में दोपहर 3 बजे मध्यप्रदेश में निवेश के अवसर विषय पर आयोजित इंटरेक्टिव-सत्र में शामिल होंगे।

#### मध्यप्रदेश और जापान का व्यापारिक संबंध

जापान, मध्यप्रदेश का प्रमुख व्यापार और निवेश साझेदार है। वित्त वर्ष 2023-24 में भारत-जापान व्यापार 22.85 बिलियन तक पहुंचा, जिसमें मध्यप्रदेश ने एल्यूमिनियम, केमिकल्स, फार्मास्यूटिकल्स, और वस्त्र जैसे उत्पादों का निर्यात किया। राज्य में ब्रिजस्टोन, पैनासोनिक, सनोह, एनएचके, और कोमात्सू जैसी प्रमुख जापानी कंपनियां सफलतापूर्वक काम कर रही हैं। जापान इन्वेस्ट मध्यप्रदेश-ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2025 में पार्टनर कंट्री के रूप में भाग लेगा। यह दौरा मध्यप्रदेश के औद्योगिक विकास में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा, जिससे राज्य में नई साझेदारियां और निवेश के अवसर खुलेंगे।

# इंदौर देश का वेटलैण्ड शहर बनना हमारे लिए गौरव का क्षण : मुख्यमंत्री

### रामसर की वेटलैण्ड शहर की सूची में इंदौर और उदयपुर शामिल

सत्ता सुधार ■ भोपाल



प्रदेश के नाम एक ओर उपलब्धि तब जुड़ गई जब रामसर कन्वेंशन द्वारा इंदौर शहर को प्रतिष्ठित वेटलैण्ड सिटी घोषित किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इंदौर की इस उपलब्धि को देश और प्रदेश की उपलब्धि बताया है। उन्होंने कहा कि यह मध्यप्रदेश केलिए गौरव का क्षण है। पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में काम करने वाली अंतर्राष्ट्रीय संस्था रामसर द्वारा शनिवार को 31 वेटलैण्ड शहरों की सूची जारी की गई है। इसमें उन शहरों को सम्मानित किया गया है जो अपने वेटलैंडस का संरक्षण करने के साथ-साथ शहरी विकास में भी उत्कृष्ट योगदान देते हैं। इसमें पहली बार देश के 2 शहरों इंदौर और उदयपुर को भी शामिल किया गया है। रामसर कन्वेंशन द्वारा शनिवार को दुनिया के 31 शहरों को वेटलैण्ड सिटी के रूप में मान्यता देते हुए घोषणा की है। देश में रामसर द्वारा पहली बार दो शहरों को एक साथ वेटलैण्ड शहर के रूप में मान्यता दी है। इनमें इंदौर और उदयपुर को देश के पहले दो शहरों के रूप में शामिल किया गया है। जारी सूची में शामिल विश्व के अन्य शहर इस प्रकार हैं- अर्जेंटीना के ट्रेलेव, बेल्जियम के मेचेलेन, बोत्सवाना के कसाने-कजुंगुला, शाकावे, चिली के वाल्डिविया, चीन के चोंगमिंग, डाली, फ़ूज़ौ, हांग्जो, जिउजियांग, ल्हासा, सूज़ौ, वेनझोउ, यूयांग, फ्रांस के एब्बेविल, आर्ल्स, हैम्पिग्नी, ईरान के बाबोल, बंदर किआशर, गैंडोमन, जापान के नागोया शहर, मोरक्को के मेहद्या, फिलीपींस के बलांगा शहर, पोलैंड के पॉज़्नान, कोरिया गणराज्य के गिम्हे, मुंगयोंग, सर्बिया के नोवी साद, स्विटजरलैंड के जिनेवा और जिम्बाब्वे के विक्टोरिया फॉल्स को भी शामिल किया गया है। उल्लेखनीय है कि विगत दिनों केन्द्र सरकार द्वारा इंदौर का नाम रामसर कन्वेंशन को प्रतिष्ठित वेटलैंड सिटी के रूप में मान्यता प्रदान करने के लिए नामांकित किया गया था। केन्द्रीय पर्यावरण वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव ने बताया कि इससे इंदौर और उदयपुर को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सकारात्मक ब्रांडिंग के रूप में पहचान मिलेगी। पर्यावरण की दृष्टि से इंदौर शहर देश और प्रदेश की स्वच्छतम शहरों में से एक तो था ही, साथ में देश का पहला वेटलैण्ड शहर होने का गौरव इंदौर को मिला। औद्योगिक क्षेत्र के रूप में विकसित इंदौर पर्यावरण के क्षेत्र में भी संतुलन बनाए हुए है। इंदौर में सिरपुर और यशवंत सागर को रामसर साइट को पूर्व में ही घोषित किया जा चुका है। यहां झीलों के संरक्षण, पर्यावरण सुधार और पक्षियों के लिए आदर्श आवास की स्थिति विकसित करने के साथ ही सिरपुर को बर्ड सैंक्च्युअरी के रूप में विकसित किया जा रहा है। रामसर संधि, जिसे वेटलैंड्स पर हुई संधि भी कहा जाता है। यह संधि वर्ष 1971 में ईरान के रामसर नामक स्थल पर विश्व के विभिन्न देशों ने हस्ताक्षरित की थी। इस प्रकार यह एक अंतर-सरकारी संधि है, जो आर्द्र भूमियों और उनके संसाधनों के संरक्षण के फ्रेमवर्क उपलब्ध करवाती।

#### कल मुख्यमंत्री बांटेंगे जनकल्याण योजनाओं के लाभ पत्र

महू में 27 जनवरी को होने वाली कांग्रेस की संविधान बचाओ यात्रा को देखते हुए भाजपा ने नया दांव खेला है। 27 जनवरी को ही सुबह 10 बजे इंदौर में सुपर कॉरिडोर के पास गांधी नगर चौराहे के समीप मैदान पर मुख्यमंत्री मोहन यादव एक लाख हितग्राहियों को जनकल्याण योजनाओं के लाभ पत्र सौंपेंगे। इंदौर में होने वाले इस आयोजन में धार व आसपास जिलों के हितग्राहियों को बुलाया जाएगा। व्यवस्था के लिए आसपास के जिलों से पुलिस बल भी बुलाया जाएगा। महू में 27 जनवरी को कांग्रेस की 'जय बापू, जय भीम, जय संविधान' यात्रा होने जा रही है। वेटरनरी कॉलेज में सभा के लिए तीन अलग-अलग डोम बनाए जा रहे हैं। इसके साथ ही हेलिपेड भी तैयार किए जा रहे हैं। लेकिन महू के दशहरा मैदान पर बनाए जाने वाले हेलिपेड की अनुमति सुरक्षा की दृष्टि से रदद कर दी है। दरअसल, दशहरा मैदान के आसपास कई हाईराइज इमारतें हैं। जिसके कारण अब दशहरा मैदान में हेलिपेड नहीं बनेगा। इसकी जगह पर तेलीखेड़ा जेल रोड पर बने हुए हेलिपेड का उपयोग किया जाएगा। 27 जनवरी को कांग्रेस के होने वाले कार्यक्रम में लोकसभा नेता प्रतिपक्ष व सांसद राहुल गांधी, प्रियंका वाड्रा, राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे महू आएंगे। कार्यक्रम के तहत राहुल गांधी, प्रियंका गांधी व मल्लिकार्जुन खरगे तीनों हेलिकॉप्टर से पहले दशहरा मैदान उतरने वाले थे। परंतु वहां हाईराइज इमारतें होने के कारण अब उसकी अनुमति रद्द कर दी गई है। इसके कारण अब दौरे का पूरा कार्यक्रम बदल गया है।

# मध्यप्रदेश विकसित राज्य के रूप में बना रहा पहचान

### सीएम व मंत्रियों ने दी गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं

सत्ता सुधार ■ भोपाल




मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेशवासियों को 76वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में देश के लिए गर्व का भाव सशक्त हो रहा है। उन्होंने राष्ट्र की स्वतंत्रता के लिए शहीद राष्ट्रभक्तों और ज्ञात-अज्ञात सेनानियों के चरणों में श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के समर्थ, सक्षम नेतृत्व और मार्गदर्शन में सबका साथ-सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के अंतर्गत विकसित भारत की संकल्पना को भारतवासी साकार कर रहे हैं। विकास और जनकल्याण के कार्यों के माध्यम से मध्यप्रदेश विकसित राज्य के रूप में पहचान बना रहा है। इस उपलब्धि में प्रदेशवासियों का महत्वपूर्ण योगदान है।

**यह दिन हमें हमारे कर्तव्यों का स्मरण कराता है : शुक्ल :** डिप्टी सीएम राजेन्द्र शुक्ल ने 76वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। उन्होंने इस दिन को भारतीय लोकतंत्र की आत्मा और संविधान निर्माताओं के प्रयासों की अद्वितीय उपलब्धि बताते हुए कहा कि यह दिन हमें हमारे कर्तव्यों का स्मरण कराता है। शुक्ल ने कहा कि पीएम मोदी के 2047 तक भारत को विश्व का अग्रणी राष्ट्र बनाने के विजन को साकार करने में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश सरकार समृद्धि, विकास और जनता के कल्याण के लिए पूरी निष्ठा से कार्य कर रही है।

**हमारा राष्ट्र विकास के नये आयाम गढ़ रहा : राजपूत :** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर सभी प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। राजपूत ने शुभकामना संदेश में कहा है कि पीएम मोदी के नेतृत्व में हमारा राष्ट्र विकास के नये आयाम गढ़ रहा है इसमें हमें भी अपना महत्वपूर्ण योगदान देना होगा। इसी संकल्प के साथ हम गणतंत्र दिवस पर्व को हर्षोल्लास के साथ मनायें और अविस्मरणीय बनायें।


#### देश विकास की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा : देवड़ा

उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने प्रदेशवासियों को 76वें गणतंत्र दिवस पर हार्दिक बधाई देते हुए शुभकामनाएं प्रेषित की है। गुलामी की बेड़ियों को तोड़कर लोकतांत्रिक देश बनने तक के इस महायज्ञ में अपने जीवन की आहूति देने वाले सभी वीर शहीदों को देवड़ा ने भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश की डॉ. मोहन यादव की सरकार जन-जन की अपेक्षाओं को पूर्ण करने के लिये दृढ़संकल्पित और प्रतिबद्ध है। हम सभी नागरिकों का दायित्व है कि हम अपने सभी कर्तव्यों का पालन करें और देश की तरक्की में योगदान दें।

**श्रद्धालुओं के सुगम दर्शन और स्नान के लिए की गई सुविधाएं अनुकरणीय**

# डिप्टी सीएम राजेन्द्र शुक्ल ने सपत्नीक महाकुंभ में संगम स्नान कर किया पूजन

सत्ता सुधार ■ भोपाल



डिप्टी सीएम राजेन्द्र शुक्ल ने सपत्नीक प्रयागराज के त्रिवेणी संगम पर पवित्र स्नान कर पूजा-अर्चना की। पतित पावनी मां गंगा, मां यमुना और अदृश्य मां सरस्वती के इस दिव्य संगम में उन्होंने स्नान कर समस्त जनकल्याण एवं प्रदेश की समृद्धि के लिए मंगल कामनाएं कीं। शुक्ल ने कहा कि महाकुंभ के इस पावन अवसर पर त्रिवेणी संगम में स्नान कर अनुगृहीत हूं। यह स्थान केवल तीर्थ नहीं, बल्कि अध्यात्म, श्रद्धा और संस्कार का प्रतीक है। यहां का पवित्र जल मानव जीवन को शुद्ध और समृद्ध बनाता है। उन्होंने महाकुंभ की व्यवस्थाओं की सराहना की। लाखों श्रद्धालुओं के सुगम दर्शन और स्नान के लिए की गई सुविधाएं अनुकरणीय हैं। शुक्ल ने मां गंगा से प्रदेश की सुख-समृद्धि और नागरिकों के उत्तम स्वास्थ्य के लिए प्रार्थना की। साथ ही, उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से आग्रह किया कि कुंभ के इस अवसर पर मां गंगा की स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का विशेष ध्यान रखें। उन्होंने कहा कि कुंभ भारत की सांस्कृतिक धरोहर और आध्यात्मिक परंपराओं की महिमा का वाहक है, जो पूरे विश्व के नागरिकों को भारतीय आध्यात्म की शक्ति का, शांति का परिचय प्रदान करता है।

### दुल्हन की तरह सजेगी राजधानी खर्च होंगे 100 करोड़

**भोपाल।** राजधानी भोपाल में होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के आयोजन को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। 24-25 फरवरी को होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के पहले भोपाल को दुल्हन की तरह सजाया जाएगा। अगर इस समिट में खर्च की बात करें तो लगभग 100 करोड़ का खर्चा होने वाला है। पीडब्ल्यूडी और नगर निगम इसकी तैयारियों में जुटा हुआ है। ये ग्लोबल इन्वेस्टर समिट फरवरी में होने वाली है जिसमें पीएम मोदी भी शामिल होंगे। इस समिट में देशभर के औद्योगिक घरानों से लेकर दुनियाभर के 2 हजार से ज्यादा से उद्योगपति शिरकत करेंगे। बता दें कि शहर को स्वच्छ और सड़कों को दुरुस्त करने के लिए 100 करोड़ की लागत आएगी। सड़कों के निर्माण साथ-साथ स्ट्रीट लाइट और ट्रैफिक के नियमों के तहत जेबरा क्रॉसिंग और कई और निर्माण करने के लिए सरकार को एजेंसियों ने प्रपोजल भेजा है। दीवारों पर पेंटिंग और होने वाले कार्यक्रम के दिन फूलों की सजावट में भी लाखों रुपए खर्च होंगे।

**सियासत** सभा के लिए अनुमति को लेकर विवाद हो गया था खड़ा

# महू में राहुल देंगे भाषण! नहीं उतरेगा हेलीकॉप्टर

सत्ता सुधार ■ भोपाल



इंदौर के समीप महू में होने वाली राहुल और प्रियंका की सभा होने वाली है। इस सभा के लिए जारी की गई अनुमति में प्रशासन ने राजनीतिक व धर्म विरोधी भाषण पर रोक लगाई थी। इस पर जब विवाद गहराने लगा तो एक ही दिन में प्रशासन ने अनुमति में से राजनीतिक शब्द हटा दिया। उधर आंबेडकर स्मारक के समीप दशहरा मैदान पर कांग्रेस को सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए हेलीपैड बनाने की अनुमति नहीं दी गई। कांग्रेस ने महू में दो हैलीपेड की अनुमति मांगी थी। 27 जनवरी को महू में होने वाली इस सभा के लिए कांग्रेस की तैयारियां शुरू हो गई है। आयोजन स्थल पर डोम बनाने का काम शुरू हो चुका है। इंदौर से महू तक मार्ग को अभी से बैनर पोस्टरों से पाट दिया गया है। मालवा निमाड़ के कई ग्रामीण क्षेत्रों में पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी दौरे कर चुके है। सभा के लिए दी गई अनुमति को लेकर विवाद भी खड़ा हो गया था। अनुमति को लेकर कांग्रेस के नेता विरोध करने लगे थे, इसके बाद प्रशासन को अनुमति की शर्त बदलना पड़ी।

#### स्मारक के पास हेलीपैड की अनुमति नहीं

राहुल और प्रियंका महू दौरे में बाबा साहेब के स्मारक पर भी जाएंगे। वहां से वे वेटनरी कॉलेज सभा स्थल पर जाएंगे। सभा स्थल और स्मारक के समीप कांग्रेस ने हेलीपैड की अनुमति मांगी थी, लेकिन प्रशासन ने सेना सुरक्षा के कारणों का हवाला देते हुए दशहरा मैदान की अनुमति नहीं दी है।

### गणतंत्र दिवस पर प्रदेश भर की जेलों से डेढ़ सौ बंदी होंगे रिहा

**भोपाल।** गणतंत्र दिवस पर प्रदेश भर की जेलों से करीब डेढ़ सौ बंदी रिहा किए जाएंगे। राज्य सरकार ने जेल मुख्यालय की रिपोर्ट पर मंजूरी दे दी है। इसमें सर्वाधिक भोपाल जेल से बंदी रिहा किए जाएंगे। रिहा होने वाले बंदियों में दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट मामले के दोषियों को शामिल नहीं किया गया है। जानकारी के मुताबिक रिहा होने वाले बंदी आजीवन कारावास की सजा से दंडित हैं। उनके अच्छे आचरण के कारण नियमानुसार उन्हें सजा में राहत दी गई है। रिहा होने वाले बंदियों में भोपाल सर्किल जेल से 22, उज्जैन से 16, सतना से 14, नर्मदापुरम से 6, बड़वानी से 4, ग्वालियर से 12, जबलपुर से 12, रीवा से 16, सागर से 22 नरसिंहपुर से 8 और इंदौर सर्किल जेल से 18 बंदियों को रिहा किया जाएगा।



# गणतंत्र दिवस विशेषांक, शिवपुरी

प्रस्तुति-
दीपक अरोरा मो. 8959194646
कपिल उपाध्याय मो. 9893099934
खबरों एवं विज्ञापनों के लिये सम्पर्क करें

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ
अपील- कच्ची शराब का सेवन जानलेवा हो सकता है। अवैध शराब का क्रय न करें
लालजी शिवहरे (दादा)
समाजसेवी
सौजन्य से : वीनम ट्रेडर्स, शिवपुरी

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ
महेन्द्र बंसल
पारस एंड कंपनी
माधव एंड कंपनी

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ
मुकेश जैन
इंजी.
जनपद पंचायत शिवपुरी एवं समस्त उपयंत्री एवं सहायक यंत्री जिला शिवपुरी

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ
मनोज निगम (दादा)
ब्लॉक ऑफीसर

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ
सतीश निगम
इंजीनियर

गणतंत्र दिवस की सभी जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
अपील- वृक्षों का संरक्षण करें। एक पेड़ माँ के नाम लगायें।
रेंजर
वन विभाग
पोहरी

गणतंत्र दिवस की सभी जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
अपील- वृक्षों का संरक्षण करें। एक पेड़ माँ के नाम लगायें।
रेंजर
वन विभाग
बदरवास

गणतंत्र दिवस की सभी जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
अपील- शासन से मिलने वाली समस्त योजनाओं का लाभ लें।
आदिम जाति
कल्याण विभाग
शिवपुरी (म.प्र.)

गणतंत्र दिवस की सभी जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
कलेक्टर, शिवपुरी
अरविन्द भार्गव
परियोजना अधिकारी
सौ.-राज्य आजीविका मिशन शिवपुरी

गणतंत्र दिवस की सभी जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
अपील- अपने बच्चों को रोज स्कूल भेजें। बच्चों को शासकीय स्कूल में ही पढ़ायें।
जिला शिक्षा विभाग, शिवपुरी

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ
KIRAN FOUNDATION
यशवंत गुप्ता
चेयरमैन
सौम्या गुप्ता
सचिव
डॉ. तान्या गुप्ता
उपाध्यक्ष
ध्रुव गुप्ता
कोषाध्यक्ष
सौजन्य- किरण फाउण्डेशन, शिवपुरी (म.प्र.)

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ
स्वराज
किसान का पावर "देश का भरोसा"
जयप्रकाश जैन
संचालक
सिद्धार्थ मोटर्स
राघवेन्द्र नगर, ए.बी. रोड, शिवपुरी
फोन- 07492-401337

गणतंत्र दिवस की सभी जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
अपील- आओ मिलकर पेड़ माँ के नाम लगायें। पेड़ हैं प्रकृति के वरदान का प्रतीक इनकी सुरक्षा हेतु अपनाओं नवीन तकनीक।
राजेश निनामा
वन परिक्षेत्राधिकारी, पोहरी-सतनबाड़ा

गणतंत्र दिवस की सभी जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
जी.के. श्रीवास्तव
कार्यपालन यंत्री

समस्त देशवासियों एवं क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ
महेश कुमार गुप्ता एडवोकेट
पुत्र कपिल कुमार गुप्ता, सकेत कुमार गुप्ता
आयकर, वाणिज्यकर
पता- विष्णु मंदिर के पास छत्री रोड, शिवपुरी 9425436931

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ
जगदीशप्रसाद कुशवाह
कृषि विभाग शिवपुरी (एजी सेकेण्ड)

गणतंत्र दिवस की सभी जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
अपील- कच्ची शराब का सेवन जानलेवा हो सकता है। अधिकृत दुकान से ही शराब का क्रय करें।
संजय गुप्ता
जिला आबकारी अधिकारी
सौ. जिला आबकारी विभाग, शिवपुरी

गणतंत्र दिवस की सभी जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
अपील- लाडली बहना योजना का लाभ लें
देवेन्द्र सुन्दरयाल
महिला बाल विकास विभाग, शिवपुरी

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ
सत्यमूर्ति पाण्डे
जिला समन्वय स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ
ग्राम भारती महिला मण्डल
मानव संसाधन विकास मंत्रालय भारत सरकार का उपक्रम नेहरु केन्द्र द्वारा प्रथम राष्ट्रीय पुरस्कार (वर्ष 1999-2020) से सम्मानीत
आशा ट्रेनिंग सेन्टर
भारती अग्रवाल अध्यक्ष
चायना भवन, मोती बाबा मंदिर के पास, फिजीकल रोड, शिवपुरी

गणतंत्र दिवस की सभी जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
अपील- आओ मिलकर पेड़ माँ के नाम लगायें। पेड़ हैं प्रकृति के वरदान का प्रतीक इनकी सुरक्षा हेतु अपनाओं नवीन तकनीक।
गोपाल जाटव
वन परिक्षेत्राधिकारी, शिवपुरी

गणतंत्र दिवस की सभी जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
अपील- जल बचाओं! आने वाली पीढ़ी के लिये कल बचाओं !!
एल.पी. सिंह
ई.ई.
सौ. पी.एच.ई. विभाग, शिवपुरी

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ
शिवपुरी पब्लिक स्कूल
अशोक ठाकुर (संचालक)
पता- फतेहपुर रोड, शिवपुरी (म.प्र.)

समस्त देशवासियों एवं क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ
कृषि विभाग
शिवपुरी

गणतंत्र दिवस की समस्त क्षेत्रवासियों को हार्दिक-हार्दिक शुभकामनाएँ
अविनाश सक्सैना
इंजीनियर आर.ई.एस.

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ
श्री गिर्राज फिलिंग सेंटर
नाइट्रोजन गैस अब आपके शहर में
एसएमएस अलर्ट, 100% शुद्धता की गारंटी, डीजल, पेट्रोल भराने पर नाइट्रोजन गैस फ्री। नोट- पेट्रोल पंप फुली ऑटो मेशन।
के.एस. मोटर्स
बैंक ऑफ बड़ौदा के पास, शिवपुरी

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ
हरीश शर्मा
आर.आई.
सौजन्य- नगर पालिका, शिवपुरी

नगर परिषद कोलारस की ओर से
गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ
रविन्द्र शिवहरे
पूर्व अध्यक्ष
संजय श्रीवास्तव
सी.एम.ओ.
श्रीमती प्रियंका-सोनू शिवहरे
अध्यक्ष
युवा भाजपा नेता
रोहित बंसल
उपाध्यक्ष
सौजन्य से : नगर परिषद कोलारस एवं समस्त पार्षदगण

## मुख्य समारोह में प्रभारी मंत्री सिलावट करेंगे ध्वजारोहण

# जिले में हर्षोल्लास, धूमधाम एवं गरिमा के साथ मनेगा 76वां गणतंत्र दिवस

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

गौरवशाली भारतवर्ष का 76वाँ गणतंत्र दिवस जिले में हर्षोल्लास, धूमधाम एवं गरिमा के साथ मनाया जायेगा। जिला मुख्यालय स्थित एसएएफ. ग्राउण्ड पर मुख्य समारोह आयोजित होगा। गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि जिले के प्रभारी एवं जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट होंगे। प्रभारी मंत्री श्री सिलावट समारोह में प्रातः 9 बजे राष्ट्रीय ध्वज फहरायेंगे और संयुक्त परेड की सलामी लेंगे।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि सिलावट द्वारा प्रदेश की जनता के नाम मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया जायेगा। स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, कारगिल शहीदों के परिजनों एवं लोकतंत्र सैनानियों का सम्मान भी मुख्य अतिथि द्वारा किया जायेगा। साथ ही स्कूली बच्चों के रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी समारोह का मुख्य आकर्षण होंगे। समारोह में 14वीं वाहिनी के आरक्षक सुनील यादव अपने दाँतों से एक साथ 8 गाड़ियाँ खींचने का हैरत अंगेज करतब दिखाएंगे। इस अवसर पर आकर्षक विभागीय झाँकियाँ भी निकलेंगीं। भारतीय गरिमा के शीर्ष उत्सव गणतंत्र दिवस की वर्षगाँठ पर जिला मुख्यालय समेत विकास खण्ड, तहसील और ग्राम स्तर पर राष्ट्रीयता की भावना पर आधारित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे



और शान के साथ राष्ट्रीय ध्वज फहराया जायेगा।

### पद्मा कन्या विद्यालय की बालिकाओं के साथ करेंगे सुरूचि भोज

प्रभारी मंत्री तुलसीराम सिलावट गणतंत्र दिवस समारोह में भाग लेने के बाद सीएम राइज स्कूल शासकीय पद्मा कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पहुँचेंगे। सिलावट यहाँ पर गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम के तहत बालिकाओं के साथ सुरूचि पूर्ण भोज में शामिल होंगे।

### संयुक्त राजस्व भवन में संभाग आयुक्त और कलेक्ट्रेट में कलेक्टर करेंगे ध्वजारोहण

गणतंत्र दिवस 26 जनवरी के अवसर पर संयुक्त राजस्व भवन में प्रातः 8 बजे संभाग आयुक्त मनोज खत्री और कलेक्ट्रेट में प्रातः 8:15 बजे कलेक्टर रुचिका चौहान ध्वजारोहण करेंगी। इस मौके पर विभिन्न कार्यालयों के अधिकारी- कर्मचारी भी उपस्थित रहेंगे। इसी तरह जिला पंचायत , जिले के सभी जनपद पंचायत के मुख्यालयों, नगर निगम ग्वालियर सहित जिले के सभी नगरीय निकायों मे शान के साथ तिरंगा फहराया जायेगा।

### गणतंत्र दिवस पर रोशनी से जगमग रहेंगे शासकीय भवन

गणतंत्र दिवस की संध्या पर महत्वपूर्ण शासकीय भवनों एवं राष्ट्रीय महत्व के ऐतिहासिक स्थानों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया जायेगा और रात्रि में रोशनी की जायेगी ।

# राष्ट्रभक्तों के लिए राजमाता का जीवन है प्रेरणास्रोतः राजपूत

■ राजमाता विजयाराजे की पुण्यतिथि पर ग्वालियर ग्रामीण जिला अध्यक्ष ने दी पुष्पांजलि

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर



भाजपा की वरिष्ठ नेत्री राजमाता विजयाराजे सिंधिया की पुण्यतिथि पर शनिवार को कटोराताल रोड स्थित सिंधिया राजवंश की छत्री स्थित राजमाता की समाधि पर पुष्पांजलि समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में भाजपा ग्वालियर ग्रामीण जिलाध्यक्ष प्रेम सिंह राजपूत ने श्रद्धेय राजमाता के प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर ग्रामीण कार्यकर्ताओं ने भी पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रेम सिंह राजपूत ने कहा कि श्रद्धेय राजमाता के आदर्श जीवन, सिद्धान्त और जनसेवा का भाव ना सिर्फ मेरे लिए बल्कि उन सभी राष्ट्रभक्तों के लिए प्रेरणा है, जो सांसारिक मोह-माया को त्यागकर राष्ट्रसेवा को अपना परम् धर्म समझते हैं। उन्होंने कहा 'भारतीय राजनीति में कार्यकर्ताओं को आगे लाने में राजमाता का महत्वपूर्ण योगदान रहा। वे राजपथ से निकलकर लोकपथ में आने वाली देश की पहली ऐसी महिला थीं, जिन्होंने महिला मोर्चा का गठन कर संगठन व देश के विकास को एक नई दिशा प्रदान की। इस अवसर पर जैकम सिंह कुशवाह, पूर्व मंडल अध्यक्ष आकाश भदौरिया, पुरानी छावनी मंडल अध्यक्ष अल्पेंद्र यादव, मुरार छावनी मंडल अध्यक्ष महेंद्र बाली, बेरजा मंडल अध्यक्ष चंद्रभान सिंह राणा, गिरवाई मंडल अध्यक्ष श्रीमती कमलेश कुशवाह, वार्ड 65 पार्षद भूपेंद्र कुशवाह, पार्षद मदन पाल, डॉ. सुरेश श्रीवास्तव, महामंत्री मिंटू किरार, पंकज किरार (सरपंच) सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## राजमाता विजयाराजे सिंधिया की पुण्यतिथि पर किया माल्यार्पण

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर



त्याग व समर्पण की प्रतिमूर्ति राजमाता विजयाराजे सिंधिया की पुण्यतिथि पर छत्री स्थित प्रतिमा स्थल पर माल्यार्पण कर पुष्पाजंलि अर्पित की। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री तुलसी सिलावट, ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, पूर्व मंत्री ध्यानेन्द्र सिंह, पूर्व मंत्री माया सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष जयप्रकाश राजौरिया, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य आशीष प्रताप सिंह राठौड़, जिला उपाध्यक्ष सुधीर गुप्ता सहित वरिष्ठ भाजपा नेता उपस्थित थे।

### 30 रोगियों ने कराया निःशुल्क कैंसर परीक्षण

**ग्वालियर।** मदन मेडीकेयर हॉस्पिटल इटावा में कैंसर हॉस्पिटल एवं रिसर्च इंस्टीट्यूट एवं इटावा के प्रसिद्ध ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ. विकास यादव के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क कैंसर परीक्षण, जांच एवं निदान परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉ. गुंजन श्रीवास्तव मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट ने कहा कि कैंसर के रोगी अब बढ़ते चले जा रहे हैं और इस क्षेत्र विशेष में हैड एंड नेक में मामले बहुत ज्यादा आ रहे हैं। डॉ. मोनिका दीवान गायनी-ऑन्कोलॉजिस्ट ने स्त्री स्वास्थ्य को समझाते हुए कहा कि एच.पी.वी. वैक्सीनेशन बहुत ही जरूरी है। कैम्प में 30 रोगियों ने अपना निःशुल्क परीक्षण कराया और परामर्श प्राप्त किया। कैम्प में निःशुल्क जांचें भी की गयी और 1 पैप-स्मीयर, 1 एफ.एन.ए.सी. एवं 1 पंच-बायोप्सी किये गए। आयुष्मान भारत सहित अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने की जानकारी भी रोगियों को दी गयी। कैंप में कैंसर हॉस्पिटल से डॉ. मोनिका दीवान, डॉ. गुंजन श्रीवास्तव, डॉ. तमोघ्न जाना, डॉ. राजकुमार श्रीवास्तव, डॉ. सन्तोष कुमार, सिस्टर निशा, सिस्टर संगीता, सिस्टर वंदना मिस हर्षिता, मि. यश, मि. देवेन्द्र, मि. ग्यान, मि. गणेशीलाल उपस्थित रहे।




### महापौर एवं विधायक डॉ. सिकरवार ने किया सीवर लाइन निर्माण के लिये भूमिपूजन

**ग्वालियर।** शहर की प्रथम नागरिक एवं महापौर डॉ. शोभा सिकरवार एवं 16 ग्वालियर पूर्व से कांग्रेस विधायक डॉ. सतीश सिकरवार ने वार्ड क्रमांक 21 के न्यू विवेक नगर से दुल्लपुर कुशवाह मौहल्ला होते हुये राजीव मारवल तक सीवर लाईन निर्माण के लिये भूमिपूजन किया। भूमिपूजन कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व पार्षद एवं कार्यवाहक अध्यक्ष चतुर्भुज धनौलिया, ब्लॉक अध्यक्ष विनोद जैन, पार्षद प्रमोद खरे, औतार सिंह कुशवाह, शोभाराम माहौर, सुनीता तोमर, एड. गुरून्द्र सिंह सोन, संजीव शर्मा, रामवीर गुर्जर, बबलू कुशवाह, जयभान सिंह गुर्जर, सुरेन्द्र कुशवाह, रामविलास कुशवाह एवं क्षेत्रवासी मौजूद रहे। भूमिपूजन कार्यक्रम में क्षेत्रवासियों द्वारा महापौर एवं विधायक डॉ. सिकरवार का पुष्पहार पहनाकर स्वागत किया।



# भक्तों को आंतरिक दिव्य महासागर के लिए प्रेरित किया

### महाकुंभ मेले में हुई डीजेजेएस की भजन संध्या

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर





प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ मेला 2025-विश्व का सबसे बड़ा धार्मिक आयोजन तीर्थ यात्रियों को त्रिवेणी संगम-गंगा, यमुना और सरस्वती नदियों के संगम पर अनुष्ठान करने का अवसर प्रदान कर रहा है। पवित्र कुम्भ का यह पर्व भक्तों को पावन स्नान और आध्यात्मिक शुद्धि के लिए महाकुम्भ मेले में आने के लिए आमंत्रित करता है। भक्तों को आंतरिक दिव्य सागर में ध्यानमग्न करने हेतु दिव्य गुरु आशुतोष महाराज संस्थापक एवं संचालक, डीजेजेएस के श्रेष्ठ मार्गदर्शन में दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान (डीजेजेएस) द्वारा महाकुम्भ मेला प्रयागराज में भजन संध्या कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विषय रहा 'भावांजली'- अर्थात् भगवान के चरणकमलों में धर्म व आध्यात्मिक पथ से जुड़े रहने व समाज कल्याण हेतु भक्तिपूर्ण प्रार्थना। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए दीप प्रज्वलन समारोह के लिए गणमान्य अतिथियों को आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम में असंख्य श्रद्धालुजन अपने भीतर ईश्वर दर्शन की पिपासा को तृप्त करने हेतु एकत्रित हुए। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण बनी भक्तिपूर्ण भजनों की श्रृंखला, जिसने भक्त हृदयों को आध्यात्म की दिव्य गाथा से जोड़ा। डीजेजेएस प्रतिनिधि साध्वी शैलासा भारती ने बड़े सुंदर व रोचक ढंग से समझाया कि ग्रंथों के अनुसार ईश्वर हम सब के भीतर विद्यमान है और हमें उन्हें अपने भीतर खोजने का प्रयास करना चाहिए। पूर्ण गुरु की कृपा से अपने भीतर ईश्वर का दर्शन करना संभव है। ब्रह्मज्ञान वह सनातन प्रक्रिया है जिसमें पूर्ण गुरु अपने शिष्य के मस्तक पर कृपा हस्त रख उसके आज्ञा चक्र को सक्रिय कर देते हैं, अर्थात् उसके तृतीय नेत्र को जागृत कर देते हैं, तब शिष्य अपनी आत्मा के भीतर ही ईश्वर का दर्शन करता है। जिस प्रकार 'त्रिवेणी संगम' गंगा, यमुना व सरस्वती नदियों का संगम है। उसी प्रकार आज्ञा चक्र भी इड़ा, पिंगला व सुषुम्ना नाड़ियों (3 ऊर्जा प्रणालियों) का संगम है, जो जीवन शक्ति की आपूर्ति के लिए उत्तरदायी होती हैं। दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान (डीजेजेएस) ब्रह्मज्ञान की इसी शाश्वत विधि को प्रदान करने हेतु प्रतिबद्ध है, जो तन, मन व आत्मा की वास्तविक आध्यात्मिक शुद्धि की ओर ले जाती है और भक्तों को आंतरिक दिव्य महासागर में ध्यानमग्न कर ईश्वर से जोड़ती है। उपस्थित श्रद्धालु व गणमान्य अतिथिगण संस्थान की आध्यात्मिक ज्ञान, डीजेजेएस के लक्ष्य और उसके निमित्त प्रत्येक कार्यकर्ता, प्रचारक व प्रतिनिधि की निःस्वार्थ सेवा को देखकर आश्चर्यचकित व मंत्रमुग्ध हुए। अतः डीजेजेएस के प्रति हार्दिक आभार प्रकट करते हुए उन्होंने संस्थान के सामाजिक व आध्यात्मिक प्रकल्पों में योगदान हेतु अपनी गहन रुचि दिखाई।

## वैश्य फाउंडेशन महिला इकाई द्वारा पंजाबी थीम पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया

# मस्ती, धमाल, रंग-बिरंगे परिधान और पंजाबी संगीत ने मनमोहा

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर



वैश्य फाउंडेशन महिला इकाई ने शुक्रवार को राजभोग सिटी सेंटर में एक विशेष पंजाबी थीम पर आधारित कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में पंजाबी संस्कृति और परंपराओं को जीवित करते हुए, महिला भागीदारों ने शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में मस्ती, धमाल, रंग-बिरंगे परिधान और पंजाबी संगीत ने माहौल को खुशनुमा बना दिया। इस अवसर पर पटियाला परिधान विशेष आकर्षण का केंद्र बने, जिसमें महिलाओं ने पारंपरिक पंजाबी परिधान, जैसे पटियाला सलवार, सलवार कमीज, और खूबसूरत चूड़ियां पहनी थीं। इन परिधानों में महिलाएं बहुत ही आकर्षक और आत्मविश्वास से भरी नजर आ रही थीं। कार्यक्रम के दौरान पंजाबी लोक संगीत और भांगड़ा नृत्य ने सभी का मन मोह लिया। खास तौर पर भांगड़ा और गिद्दा के प्रदर्शन ने दर्शकों का दिल छू लिया, जिसमें सभी महिलाएं उत्साह से झूम उठीं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुकेश अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि श्रीमती माया अग्रवाल, संस्थान की मेंटोर श्रीमती ममता अग्रवाल एवं श्रीमती ज्योत्सना भसीन उपस्थित रहीं। अध्यक्षता वैश्य फाउंडेशन महिला इकाई की अध्यक्ष श्रीमती शशि गर्ग थीं। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को एकजुट करना और उन्हें अपनी सांस्कृतिक धरोहर से जोड़ना था। वैश्य फाउंडेशन की महिला इकाई ने महिलाओं को अपनी पारंपरिक संस्कृति को बनाए रखते हुए सामूहिक रूप से आनंदित होने का अवसर प्रदान किया। साथ ही यह कार्यक्रम महिलाओं के आत्म-सम्मान को बढ़ावा देने और एक दूसरे के साथ सामूहिकता की भावना को प्रोत्साहित करने का भी एक प्रयास था। कार्यक्रम में स्थानीय समुदाय के सदस्य भी शामिल हुए और इसका जमकर आनंद लिया। इस आयोजन से न केवल महिलाओं को एकजुट होने का मौका मिला, बल्कि पंजाबी संस्कृति की सुंदरता और विविधता को भी महसूस किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम की संयोजक श्रीमती सरिता अग्रवाल, श्रीमती नमिता अग्रवाल, श्रीमती सपना अग्रवाल, श्रीमती नयन अग्रवाल सहित संस्था की पदाधिकारी उपस्थित रहीं। अंत में आभार सचिव श्रीमती रश्मि गोयल ने दिया

### यह रहीं विजेता

कार्यक्रम के दौरान आयोजित प्रतियोगिताओं में पंक्चलिटी विनर श्रीमती सरिता जैन रहीं। पासिंग द पास ज्वेलरी के प्रथम विजेता श्रीमती रितु अग्रवाल, द्वितीय श्रीमती साधना सिंघल, म्यूजिक तड़का गेम की विजेता श्रीमती अलका अग्रवाल, द्वितीय श्रीमती अर्चना गोयल, पंजाबी थीम में श्रीमती शालिनी गोयल, श्रीमती माधुरी गर्ग, श्रीमती वैशाली अग्रवाल रहीं।




# कायस्थ महापंचायत का संक्रांति मिलन व परिचय सम्मेलन आज

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

कायस्थ महा पंचायत ग्रेटर ग्वालियर का मकर संक्रांति मिलन समारोह एवं युवक-युवती परिचय सम्मेलन 26 जनवरी को शहर के प्रसिद्ध मन्दिर पऊआ वाली माता मन्दिर परिसर, सागरताल चौराहे के नजदीक सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए कायस्थ महा पंचायत ग्रेटर ग्वालियर के प्रचार प्रसार व्यवस्थापक राकेश श्रीवास्तव ने बताया कि महापंचायत के पास तकरीबन तीन सौ आवेदन बायोडाटा आ चुके हैं, इनमें विधवा एवं तलाकशुदा बहनों के अलावा विधुर युवकों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। महापंचायत के संरक्षक राकेश श्रीवास्तव, महासचिव सतीश श्रीवास्तव, सह सचिव डॉ. जितेन्द्र सक्सेना, हरीबाबू श्रीवास्तव, श्याम श्रीवास्तव, सन्तोष श्रीवास्तव, भगवती चरण श्रीवास्तव, राजेश्वर राव, डी.पी. निगम, आशीष श्रीवास्तव के साथ महिला विंग की कार्यकारी अध्यक्ष श्रीमती स्मिता श्रीवास्तव, अर्चना श्रीवास्तव, सुजाता सक्सेना, पूजा श्रीवास्तव, श्रद्धा भटनागर आदि ने सम्मेलन में बड़ी संख्या में समाजबंधुओं से शामिल होने की अपील की है।

**सत्ता न्यूज**

## पुनीत कार्य में हर प्रकार से करूंगा सहयोगः प्रद्युम्न

# अंधेरी जिंदगी को प्रकाशित कर रहा गुरुदेव ट्रस्टः संत कृपाल

### निःशुल्क नेत्र परीक्षण एवं लैंस प्रत्यारोपण शिविर में 600 परीक्षण एवं 400 मरीज लैंस प्रत्यारोपण के लिए चिन्हित

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

स्व. आशा देवी की स्मृति में गुरूदेव चैरिटेबल ट्रस्ट ने रतन ज्योति चैरिटेबल ट्रस्ट के सहयोग से मोतियाबिंद से पीड़ित रोगियों की अंधेरी जिंदगी को पुनः प्रकाशित करने का जो बीड़ा उठाया है, उससे बढ़कर कोई पुण्य काम नहीं हैं। यह विचार संत कृपाल सिंह महाराज ने माह की हर 25 तारीख को आयोजित किए जा रहे नेत्र परीक्षण एवं लैंस प्रत्यारोपण शिविर के दौरान शनिवार को व्यक्त किए। इस मौके पर ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा कि लोगों के निःशुल्क रोशनी देने का जो पुनीत कार्य है, इसमें मैं हर प्रकार का सहर्ष सहयोग करने को तैयार हूं। इस दौरान 627 मरीजों का परीक्षण हुआ एवं 400 मरीजों को लैंस प्रत्यारोपण के लिए चिन्हित किया गया। इस मौके पर संत कृपाल सिंह महाराज ने कहा कि 1914 से लगातार हर माह 25 तारीख को निःशुल्क शिविर आयोजित कर 60 हजार लैंस प्रत्यारोपण कराना साधारण काम नहीं हैं, इस कार्य के लिए अशोक जैन एवं उनकी पूरी टीम को साधुवाद देता हूं और डॉ. पुरेंद्र भसीन से आग्रह करता हूं कि वे राजपूत बोर्डिंग में भी लैंस प्रत्यारोपण का शिविर आयोजित कराएं। इस मौके पर डॉ. पुरेंद्र भसीन ने कहा कि रतन ज्योति चैरिटेबल ट्रस्ट 2008 से अब तक 5 लाख निःशुल्क लैंस प्रत्यारोपण करा चुका है, जिसमें सबसे ज्यादा 60 हजार लैंस प्रत्यारोपण अशोक जैन के नेतृत्व में गुरूदेव चैरिटेबल ट्रस्ट के सहयोग से कराए गए हैं। स्वागत भाषण देते हुए डॉ. दीपक अग्रवाल ने दिया। इस मौके पर शीला जैन ने सभी अतिथियों का शॉल, श्रीफल से सम्मान किया। इस अवसर पर रामबाबू अग्रवाल, आलोक जैन सहित तमाम स्वयंसेवकों ने शिविर में सहयोग किया। शिविर का लाभ उठाने के लिए सुबह 6 बजे से कतारें लगना शुरू हो गईं और दोपहर 1 बजे तक सभी मरीजों का परीक्षण कर लैंस प्रत्यारोपण के लिए चिन्हित कर दिया गया।




# माधव महाविद्यालय ने ली मतदान करन की शपथ

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

15वां मतदाता दिवस 2025 की थीम 'वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम' के साथ मतदान में अपनी सहभागिता कर मतदान प्रतिशत बढ़ाना मुख्य उद्देश्य है। विश्व में भारत जैसे सबसे बडे लोकतंत्र में मतदान को लेकर कम होते रूझानों को देखते हुये इस दिवस को मनाने की आवश्यकता महसूस हुई। वर्ष 2011 से राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 जनवरी को मनाये जाने लगा। 'मतदाता बनने का गर्व है, मतदान को तैयार है' के उद्देश्य के साथ यह कार्यक्रम सभी शासकीय व अशासकीय महाविद्यालयों में राष्ट्रीय मतदाता दिवस के रूप में समस्त छात्र-छात्राओं व स्टाफ द्वारा शपथ के रूप में मनाया जाता है। मतदान करना आज प्रजातंत्र में अनिवार्य हो गया है क्योंकि बिना मतदान के एक सशक्त राष्ट्र का निर्माण नहीं हो सकता है। हमें अपने मत का अधिकार अनिवार्य व सतर्कता के साथ करना चाहिए। कार्यक्रम में डॉ. शिवकुमार शर्मा प्राचार्य माधव महाविद्यालय, जिला संगठक ग्वालियर डॉ. मनोज अवस्थी, स्टाफ कांउसिल सचिव डॉ. नीलेन्द्र सिंह तोमर एवं वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ. संजय कुमार पाण्डेय की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। डॉ. मनोज अवस्थी ने बताया कि सशक्त राष्ट्र के निर्माण के लिये युवाओं की आवश्यकता होती है।

**कार्यालय उप वनमण्डल करैरा, वनमण्डल शिवपुरी (म.प्र.)**

sub divisional karera E-Mail-sdoftkarera@mp.gov.in Mob. 9424794800

-: सूचना :-

वन मण्डला शिवपुरी के अन्तर्गत वन परिक्षेत्र करैरा की बीट मामौनी के कक्ष क्रमांक PF 1040 में से अज्ञात व्यक्तियों द्वारा एक पिकअप से 02 नग तेन्दूपत्ता का अवैध परिवहन किए जाने के अपराध में अधिक संख्या में आरोपियों के होने से उनके द्वारा मौके से पिकअप भगा ले जाने एवं एक TVS मोटरसाईकिल MP33MC1484 को मय 02 नग तेन्दूपत्ता बोरा के मौके पर ही छोड़ गया, जिसे स्टाफ द्वारा जप्त कर, वन अपराध प्रकरण क्रमांक 381/18 दिनांक 07.06.2017 पंजीबद्ध किया गया था।

उक्त जप्त वाहन के संबंध में भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 52 (3) के तहत राजसात की कार्यवाही प्रचलित है। उक्त वाहन के स्वामी एवं हितबद्ध व्यक्ति को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि, उक्त वाहन के संबंध में अपना पक्ष समर्थन सूचना प्रकाशन के 10 दिवस के अंदर प्रस्तुत करें। अनुपस्थिति की दशा में एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

(एल्विन बर्मन)
प्राधिकृत अधिकारी एवं
उप वनमण्डलाधिकारी करैरा
सामान्य वनमण्डल शिवपुरी

G-22204/24


इन्वेस्ट मध्यप्रदेश
ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट
अनंत संभावनाएँ
24-25 फरवरी 2025, भोपाल
76 वें
गणतंत्र दिवस
की प्रदेशवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
संवैधानिक मूल्यों के साथ
मध्यप्रदेश का चौतरफा विकास
डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री
नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री
गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी (GYAN) समाज के इन चार स्तंभों के सशक्तिकरण की
मजबूत बुनियाद पर मध्यप्रदेश छुएगा विकास और समृद्धि की नई ऊंचाइयां
गरीब कल्याण मिशन के माध्यम से प्रदेश के गरीब और वंचितों को मिलेंगे आगे बढ़ने के हर संभव अवसर। वर्ष 2028 तक प्रदेश बनेगा गरीबी मुक्त।
स्वामी विवेकानंद युवा शक्ति मिशन गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, कौशल, रोज़गार और नेतृत्व क्षमता विकास से सुनिश्चित करेगा युवाओं का सशक्तिकरण।
देवी अहिल्या नारी सशक्तिकरण मिशन महिलाओं के शैक्षणिक, सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण को सुनिश्चित करेगा।
किसान कल्याण मिशन के माध्यम से मध्यप्रदेश सरकार किसानों की आय वृद्धि के साथ ही कृषि को अधिक लाभकारी व्यवसाय बनाने के लिए समर्पित है।
सीधा प्रसारण
@Cmmadhyapradesh
@jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhyapradesh
@jansamparkMP
JansamparkMP
D-11167/24

# एलन मस्क चीन की कंपनी के साथ कर सकते हैं समझौता?

अमेरिका के नए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शपथ लेने के अगले दिन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस प्रोजेक्ट को लॉन्च करने की घोषणा की। उसके लिए उन्होंने अमेरिका की तीन ऐसी कंपनियों को चुना, जो एआई के क्षेत्र में बड़ी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह कर सकती हैं। डोनाल्ड ट्रंप के इस निर्णय से उनके कैबिनेट सहयोगी और समर्थक एलन मस्क भी ट्रंप से नाराज हो गए हैं। अमेरिका के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कितनी जरूरी है, इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि चीन की सर्वोच्च प्राथमिकता में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंसी है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में चीन की कामयाबी दुनिया के देशों को हैरान कर रही है। चीन अभी इस मामले में पीछे था, लेकिन पिछले वर्ष उसने भी अपना सारा ध्यान आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में लगा दिया है। अमेरिका ने पिछले वर्षों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में चीन की रफ्तार को धीमी करने के लिए हर स्तर पर प्रयास किए हैं। अमेरिका ने चीन के लिए चिप्स के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया था। कई महीनों तक अमेरिका से चीन को एआई के लिए काम में आने वाली चिप्स निर्यात नहीं की गई। चीन के शोधकर्ताओं ने अमेरिका के जो शोध पत्र आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को लेकर प्रकाशित हुए थे, उसके आधार पर चीन ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीकी को लेकर काफी प्रगति कर ली है। चीन अब हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर में अमेरिका के मुकाबले आकर खड़ा हो गया है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को लेकर अमेरिका और चीन की सरकार के बीच में जो प्रतिस्पर्धा देखने को मिल रही है, उसमें बड़े-बड़े उद्योगपति भी शामिल हो गए हैं। एलन मस्क का बहुत बड़ा कारोबार चीन में फैला हुआ है। अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप ने जिन तीन कंपनियों को इसकी जिम्मेदारी दी है, उन्हें एलन मस्क पसंद नहीं करते हैं। ऐसी स्थिति में वह चीन के साथ जुड़कर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में अपना भविष्य देख सकते हैं। चीन मौके की नजाकत को समझ रहा है। अगला भविष्य आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आर्थिक व्यवस्था को मजबूत करने का सबसे बड़ा आधार होगा। एलन मस्क ने जिस तरह से नाराजगी जताई है, वह ट्रम्प और मस्क के रिश्तों को खराब कर सकती है। इस स्थिति में दुनियाभर



के कारपोरेट जगत में एक नई जंग देखने को मिल सकती है। अमेरिका का केबिनेट पहली बार अमीरों की सरकार है। अमेरिका की सरकार कारपोरेट की सरकार है। जिसके कारण अमेरिका में सत्ता और कारपोरेट जगत में टकराव बढ़ने का फायदा चीन को हो सकता है। चीन ही दुनिया में एक ऐसा देश है, जो शोध में सबसे ज्यादा पैसा खर्च कर रहा है।

# कितना सफल हो पाया है देश का गणतंत्र!



डा. श्रीगोपाल नारसन

**हमारा संविधान भले ही जाति धर्म के आधार पर कोई भेदभाव न करता हो, लेकिन राजनीति से जुड़े लोग सत्ता की चाबी हाथ लगते ही चाबी अपने पास बनाये रखने के लिए भारतीय संविधान को उसकी मूल भावना से परे जाकर संविधान को अपने अपने स्वार्थ से परिभाषित करने का प्रयास करते है।**

वितभी तो अभी तक एक सौ से अधिक बार भारतीय संविधान को संशोधनों का सामना करना पड़ा है।भारतीय संविधान की वर्षगांठ पर यह चिंतन करना आवश्यक है कि दुनिया के इस सबसे बड़े लोकतांत्रिक राष्ट्र में क्या सही मायनों में स्वस्थ लोकतंत्र बचा हुआ है।क्या यह सच नही है कि गण का तंत्र होने पर भी गण ही अपने अधिकार से वंचित होकर रह गए है। भारतीय संविधान मिलने के बाद आमजन को लगा था कि अब उनका शासन उनके द्वारा ही किया जाएगा। लेकिन चन्द पूंजीपतियो की जेब का खिलौना बने राजनीतिक दलों ने आमजन को दरकिनार कर पूंजीपतियों के सहारे देश में

कुर्सी प्राप्त करने की ऐसी चाल चली कि लोकतन्त्र बेचारा धराशाही होकर रह गया। विधायको और सांसदो की सत्ता के लिए होती कथित खरीद फरोख्त ने तो देश के लोकतन्त्र को कमजोर करके रख दिया है।

भारतीय गण्तन्त्र को यूं धराशाही करने की कोशिश की जाएगी यह संविधान निर्माण के समय किसी ने सोचा तक नही था। इस लोकतन्त्र में क्या वास्तव में आमजनता को उनका अपना वास्तविक तन्त्र मिल पाया है?भारतीय संविधान की मूल भावना जनता पर जनता के द्वारा शासन का सपना क्या वास्तव में चरितार्थ हो पाया है? सन 1950 में भारतीय संविधान भले ही देश में लागू हो गया हो। भले ही देश के प्रत्येक नागरिक को भारतीय संविधान में समानता का अधिकार देने की व्यवस्था की गई हो ,लेकिन गणतन्त्र लागू होने के इतने वर्षों बाद भी देश मे नाम मात्र के लोगो का ही गणतन्त्र बन पाया है। देश मे राज वे लोग ही कर रहे है,जो धन बल से परिपूर्ण है। बेचारी आम जनता तो आजादी के बाद से आज तक इन धन बल वालो की ही मोहताज बनी हुई है। यही कारण है कि आम लोग जब असहनीय रूप से शोषित और पीड़ित हो जाते है तो वे अपने अधिकारों के लिए सडकों पर आकर आंदोलन करने को मजबूर होते है।जिन्हें फिर लाठी डंडे से दबाने की कोशिश की जाती है। लेकिन यह तय है कि अब आम आदमी अपने विरूद्ध होने वाले हर अन्याय का प्रतिवाद करने को तैयार हो गया है। ग्राम पंचायत से लेकर राष्ट्रपति पद तक के चुनाव में कोई भी आम आदमी चुनाव लडने का साहस नही जुटा पा रहा है। ग्राम स्तर पर गांव के धनाढय वर्ग से



जुडे लोग चुनाव लडते है तो क्षेत्र पंचायत, जिला पंचायत, विधान सभा,लोक सभा चुनाव मे भी आम जनता मे से कोई चुनाव लडने का साहस नही जुटा पाता है।। क्योकि लाखो करोड़ो रुपयों के बिना अब कोई भी चुनाव लडना सभंव नही रह गया है। राज्य सभा और विधानपरिषद तो राजनीतिक दलो की अपनी बपोती बन गई है। शायद ही किसी गरीब और आम आदमी को इन सदनो मे से किसी का सदस्य बनाया गया हो, बडी राजनितिक पार्टिया अपने चेहतो को राज्य सभा और विधान परिषदो मे भेजकर लंबे समय उपकृत करती रही है । इन सीटो पर वे अपने चेहतो को भेजने के लिए संख्या बल के हिसाब से सीटो का आपसी बटवारा कर लेते है।

जिससे आम जनता हर बार ठगी सी रह जाती है।

इसी कारण इन सदनो मे चुनकर जाने वाले नेता अपने क्षेत्र के प्रति जवाबदेह भी नही रहते, यहॉ तक कि उनकी सांसद निधि और विधायकनिधि या तो खर्च ही नही हो पाती या फिर उसका जमकर दुरूपयोग किया जाता है।जो राष्ट्रहित में नही है।

गत चुनाव मे एक भी ऐसा प्रत्याशी किसी बडे रानीतिक दल से चुनाव मैदान में नही आया जो गरीब की रेखा से नीचे का हो या फिर आमजनता के बीच का हो और किसी बडी राजनीतिक पार्टी ने उसे टिकट दिया हो । जीवनभर अपनी पार्टी के प्रति वफादार रहने वाले भी इसी कारण टिकट से वंचित रह जाते है क्योकि उनके पास धन बल नही होता। जबकि धनबल के सहारे दलबदल कर स्वार्थी नेता हर पार्टी में टिकट पाने मे कामयाब हो जाते है। तभी तो करोडो खर्च करके जो मौकाप्रस्त टिकट पा जाते है, वे चुनाव जीतकर पहले जो चुनाव में करोड़ों रुपया खर्च किया उसे बटोरेंगे।ऐसे में वे कैसे जनता की सेवा कर पायगे? चुनाव प्रभावित क्षेत्रो से करोड़ो रूपये का काला धन पकडा जाना, चुनाव मे बेताहशा खर्च की असलियत का जीता जागता प्रमाण है। संविधान लागू होने के इतने वर्षो बाद भी व्यक्ति भूख से मर रहा है,रोजगार को तरस रहा है,अन्नदाता किसान आत्महत्या कर रहा है।आज भी पुलिस जिसे चाहे, जब चाहे, जहॉ चाहे उठाकर बिना किसी कारण के हवालात में बन्द कर देती है,पुलिस हिरासत में मौत तक हो जाती है। जो चाहे सडक जाम कर मरीजो को अस्पताल जाने से रोक देता है। आज भी कर्मचारी या अधिकारी चाहे तो गरीब को उसके द्वारा घूस न देने के कारण उसे उसके मौलिक अधिकारों से वंचित कर देते है। आज भी प्राइवेट स्कूलों व प्राइवेट अस्पतालो मे गरीबो के लिए के लिए प्रवेश नही मिल पाता।आरक्षण व्यवस्था लागू होने पर भी उन्हे प्रवेश से वंचित किया जाता है। आज भी गरीब की भूमि पर भूमाफियाओ के कब्जे की शिकायते मिलना आम बात है।आज आमजन नेताओ के झूठे वायदो व भृष्टअधिकारियो के मायाजाल में फंसकर परेशान है। ऐसे में कैसे, भारतीय संविधान की मूल भावना के अनुरूप सभी भारतीयों को उनका अपना लोकतन्त्र मिल पाएगा,यह विचार आज के दिन हमे करना चाहिए।यही आज की जरूरत भी है।तभी हम अपने लोकतंत्र को कमजोर होने से बचा सकते है।

# बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना की दसवीं वर्षगांठ-विज़न 2047 का लक्ष्य हो, आज की बालिका हर क्षेत्र में कल की लीडर बनकर उभरे

वैश्विक स्तरपर खासकर भारत में 1990 दशक के पूर्व का एक ऐसा दौर चला था जिसमें हर परिवार व दंपति केवल बेटे की चाह रखती थी, प्रवास के पूर्व लिंग परीक्षण कर बेटियों की गर्भ में ही हत्या कर अबॉर्शन करवा दिया जाता था, जिसकी अति हो गई थी।1960 के दशक में, जब 15 देशों में गर्भपात कानूनी था, भारत में प्रेरित गर्भपात के लिए कानूनी ढांचे पर विचार-विमर्श शुरू किया गया था। गर्भपात की चिंताजनक रूप से बढ़ती संख्या ने स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्रालय को सतर्क कर दिया गया था। भारत सरकार ने भारत के लिए गर्भपात कानून का मसौदा तैयार करने के लिए सुझाव देने के लिए शांतिलाल शाह के नेतृत्व में 1964 में एक समिति गठित की थी। इस समिति की सिफारिशों को 1970 में स्वीकार कर लिया गया और संसद में मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेग्नेंसी बिल के रूपमें पेश किया गया था ।यह बिल अगस्त 1971 में मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेग्नेंसी एक्ट 1971 के रूप में पारित हुआ,मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेग्नेंसी (एमटीपी) अधिनियम, 1971 भारत में सीएसी सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए कानूनी ढांचा प्रदान करता है। गर्भावस्था के 20 सप्ताह तक की कई स्थितियों के लिए गर्भावस्था को समाप्त करने की अनुमति है,पर अब गर्भावस्था के 24 सप्ताह तक गर्भपात किया जा सकता है क्योंकि एमटीपी संशोधन अधिनियम 2021, 24 सितंबर 2021 से राजपत्र में अधिसूचना द्वारा लागू हो गया है। अवैध रूप से अबॉर्शन कर बेटियों का गर्भ में हत्या का परिणाम आज हम हर समाज में देख रहे हैं कि अब 1980-90 में जन्मे लड़कों के लिए शादी विवाह के लिए लड़कियां मिलने में अति कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। मेरी नजर में इन दशकों के कई लड़के अभी कुंवारे बैठे हैं यानें लिंगानुपात रेश्यो बिगाड़ने की सजा मिल रही है, जो अभी लेवल पर धीरे-धीरे आ रही है। पिछले एक दशक में, बीबीबीपी योजना ने लैंगिक समानता और भारत में बालिकाओं की स्थिति में सुधार लाने में महत्वपूर्ण प्रगति की है।जन्म के समय राष्ट्रीय लिंगानुपात (एसआरबी) वर्ष 2014-15 के 918 से बढ़कर वर्ष 2023-24 में 930 हो गया है।माध्यमिक स्तरपर लड़कियों का



किशन सनमुखदास भावनानी

सकल नामांकन अनुपात 75.51पेर्सेंट से बढ़कर 78पेर्सेंट हो गया है,और संस्थागत प्रसव 61पेर्सेंट से बढ़कर 97.3 पेर्सेंट हो गया है,इसकेअतिरिक्त ,पहली तिमाही के प्रसवपूर्व देखभाल पंजीकरण 61पेर्सेंट से बढ़कर 80.5 पेर्सेंट हो गए हैं। माननीय पीएम द्वारा 22 जनवरी, 2015 को शुरू की गई बीबीबीपी योजना ने भारत में लैंगिक भेदभाव और घटते बाल लिंग अनुपात से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दों को संबोधित कियाहै। यह योजना एक सांस्कृतिक बदलाव को बढ़ावा देने में सहायक रही है जो बालिकाओं को महत्व देती है, यह सुनिश्चित करती है कि उनके अधिकारों और अवसरों की रक्षा हो और महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास का मार्ग प्रशस्त हो, बता दें 22 जनवरी 2015 को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान की शुरुआत की गई थी जिसका पिछले 10 वर्षों में बहुत जोरदार सकारात्मक परिणाम देखने को मिला, जिससे उत्साहित होकर 22 जनवरी से 8 मार्च 2025 अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस तक भारत देश में जबरदस्त जनजागरण अभियान चलाकर चलाया जा रहा है जिसमें स्कूटर रैली, प्रभात फेरी, डिबेट, जुलूस सहित अनेको कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं जब हम किसी अभियान में सफ़ल होते हैं तो फिर इसी तरह का उत्साह होता है मनोबल ऊंचा हो जाता है परंतु जब आलोचक हो तो, इस उत्सव को और निखारने में भी हमें कुछ सीखने को मिलता है।चूँकि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की दसवीं वर्षगांठ पर जबरदस्त आगाज़ 22 जनवरी से 8 मार्च 2025 तक पूरा भारत बेटी मय से जागरूक होगा इसलिए आज हम मीडियम उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,विज़न 2047 के लक्ष्य हो आज की बालिका हर क्षेत्र में कल की लीडर बनकर उभरे व राष्ट्रीय लिंगानुपात महिला पुरस्कार 100 पेर्सेंट समांतर सुनिश्चित तथा पर रणनीतिक जन जागरण में तीव्रता लानाआज बहुत ज़रूरी है। साथियों बात अगर हम महिला व बाल कल्याण विकास मंत्रालय द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की दसवीं वर्षगांठ 22 जनवरी 2025 को मनाने की करें तो, बुधवार को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना, जो लैंगिक असंतुलन को दूर कर बालिकाओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से भारत सरकार की एक प्रमुख पहल है, की 10 वीं वर्षगांठ के महत्वपूर्ण अवसर पर समारोह मनाया गया। नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित उद्घाटन समारोह हुआ।इस कार्यक्रम में बीबीबीपी योजना के एक दशक की प्रगति पर प्रकाश डाला गया, जो महिलाओं और लड़कियों के सशक्तिकरण के लिए भारत सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।इसने विकसित भारत 2047 की परिकल्पना की भी पुष्टि की, जहां लैंगिक समानता एक नीतिगत प्राथमिकता ना होकर, एक सामाजिक मानदंड है.केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री ने अपने विशेष संबोधन में, बीबीबीपी के अंतर्गत स्वास्थ्य और शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में हुई प्रगति को रेखांकित किया,बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना की सफलता बाल लिंगानुपात संस्थागत प्रसव और लड़कियों की स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच में पर्याप्त सुधार से स्पष्ट है।भारत सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि प्रत्येक बालिका को वह देखभाल और अवसर प्राप्त हों जिसकी वह हकदार है ताकि वह भविष्य की नेता बन सके, अपने मुख्य वक्तव्य में, माननीय केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री,नें कहा परिवर्तनकारी प्रभाव को स्वीकार किया, इस बात पर जोर दिया कि यह योजना सामाजिक परिवर्तन के लिए उत्प्रेरक बन गई है, उन्होंने कहा,बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पहल सरकारी योजना से आगे बढ़कर राष्ट्रव्यापी आंदोलन बन गई है,इस 10 साल की यात्रा ने बालिकाओं की स्थिति में सुधार लाने और उन्हें शिक्षा, स्वास्थ्य और समग्र विकास के समान अवसर प्राप्त हों।

## राजकाज



### महाकुंभ के शिविरों में लगी आग

प्रयागराज में महाकुंभ चल रहा है। इसमें देश भर से करोड़ों लोग पहुंच रहे हैं। हजारों साधु संत महाकुंभ में विराजमान हैं। कुंभ में लगाए गए शिविरों में आग लग गई। इसमें कोई जनहानि नहीं हुई। इसको लेकर राहत की सांस ली जा सकती है। गीता प्रेस के शिविर में जहां से धार्मिक पुस्तक बांटी जानी थी। उसमें आग लग जाने से इसे अपशगुन माना जा रहा है। जिस तरह से सरकार धर्म का प्रचार-प्रसार कुंभ में कर रही है। इसमें शगुन और अपशगुन का भी बड़ा महत्व है। धार्मिक आस्था से जुड़े हुए लोगों का कहना है, कुंभ के पहले ही स्नान के बाद शिविर में आग लग जाना एक बड़ा अपशगुन है। धर्म आस्था पर आधारित है।

### राहुल गांधी पटना पहुंचे,पप्पू यादव नदारत

कांग्रेस नेता राहुल गांधी 18 जनवरी को पटना पहुंचे थे। उन्होंने पटना में संविधान रक्षा सम्मेलन में भाग लिया। राहुल गांधी ने लालू प्रसाद यादव, रावड़ी देवी और तेजस्वी यादव से मुलाकात की। पटना में पप्पू यादव उनसे मिलने के लिए नहीं आए। पप्पू यादव को लेकर कांग्रेस की लालू यादव और तेजस्वी यादव से दूरियां बढ़ी है। राहुल गांधी की पप्पू यादव से मुलाकात नहीं होना, बिहार में चर्चा का विषय बन गया है। तेजस्वी यादव किसी भी कीमत पर अपने मामा को अपने साथ नहीं देखना चाहते हैं। पप्पू यादव को हराने के लिए भी यादव वंशी आपस में भिड़ गए थे। ऐसी स्थिति में राहुल गांधी की मुलाकात लालू यादव से होना, बिहार की राजनीति को लेकर इंडिया गठबंधन की क्या रणनीति आगे चलकर होगी।

### धर्म संसद में योगी और शाह एक साथ

प्रयागराज में महाकुंभ का आयोजन चल रहा है। 27 जनवरी को धर्म संसद का आयोजन होने जा रहा है। 2013 में जब महाकुंभ में धर्म संसद हुई थी। उस धर्म संसद में लाल कृष्ण आडवाणी आउट हुए थे। नरेंद्र मोदी इन हुए थे। इस बार की धर्म संसद में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ होंगे। इनके साथ केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह भी धर्म संसद में पहुंचेंगे। मोदी के बाद कौन की इस लड़ाई में योगी आदित्यनाथ इन होंगे, या शाह के नाम पर लॉटरी खुलेगी। कहना मुश्किल है किसको क्या हासिल होगा। इसको लेकर साधु संतों के बीच में तरह-तरह की चर्चाएं सुनने को मिल रही हैं। इस बार की धर्म संसद में आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत अलग-थलग पड़ गए हैं। बहरहाल धर्म संसद की गूंज राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, विश्व हिंदू परिषद, भारतीय जनता पार्टी और आनुवंशिक संगठनों में चर्चा का विषय बनी हुई है।

### लोहिया और जयप्रकाश नारायण को भूले समाजवादी

इन दोनों समाजवादियों में भी बड़ा परिवर्तन देखने को मिल रहा है। मुलायम सिंह यादव, लालू प्रसाद यादव, नीतीश कुमार पहले डॉक्टर राम मनोहर लोहिया और जयप्रकाश नारायण का नाम लेकर राजनीति करते थे। लेकिन अब समाजवादी यह दोनों नाम भूल गए हैं। समाजवादियों को अब जनार्दन मिश्रा का नाम भी याद नहीं रहा। बिहार की राजनीति में कर्पूरी ठाकुर और अब बाबा साहब अंबेडकर के नाम पर राजनीति हो रही है।

## फीचर



# बच्चों को अवसाद से बचायें

**आजकल बड़े ही नहीं बच्चे भी अवसाद का शिकार हो रह हैं। कई बार अवसाद कुछ समय के लिए रहता पर जब यह लगातार रहे तो बिमारी का रुप ले लेता है।**

आजकल अवसाद के कारण बच्चों और किशोरों में आत्महत्या के मामले बढ़ रहे हैं। ऐसे में यह जानना जरूरी है कि वे कौन-सी बातें हैं जो बच्चों में अवसाद को बढ़ा रही हैं।

**बच्चों में अवसाद बढ़ने का कारण**

आजकल प्रतिस्पर्धा और भागदौड़ के कारण छोटे बच्चे भी तनाव या चिंता से ग्रस्त हैं। स्कूल की पढ़ाई के बाद ट्यूशन जाना यानी पूरा दिन सिर्फ पढ़ाई में लगे रहने से तनाव शारीरिक तंत्र को कमजोर करता है। हर घंडी चिंता में रहने से शरीर में लगातार कोर्टिसोल हार्मोन बनता है जो उन्हें अवसाद की ओर ले जाता है।

**खेलकूद की कमी**

घर में रहने और टीवी देखने से बच्चे कुछ अलग और नया नहीं सीख पाते। इसी वजह से जब भी उनके सामने छोटी सी भी समस्या आती है तो वह उसको सुलझान नहीं पाते और चिंता करने लगते हैं। बाल मनोविज्ञानी कहते हैं कि खेल-कूद से बच्चे अपनी हर समस्या को दूर कर पाते हैं।

**पारिवारिक तनाव**

माता-पिता को हमेशा लड़ते-झगड़ते देखने से भी बच्चे के दिमाग पर बुरा असर पड़ता है। अपने अभिभावकों को अलग होते और परिवार को टूटता हुए देखकर वह अवसाद के शिकार हो जाते हैं।

**शूगर का ज्यादा इस्तेमाल**

बच्चों के खान-पान की वजह से भी वह अवसाद का शिकार हो रहे हैं। शोधकर्ताओं के अनुसार शूगर की ज्यादा मात्रा का संबंध अवसाद और सिजोफ्रेनिया से है। यह दिमाग के विकास के हार्मोन को भी प्रभावित करती है। अवसाद और सिजोफ्रेनिया के मरीजों में इस हार्मोन का स्तर कम पाया जाता है।

## प्रेरणा

# जीवन निर्भरता और आत्म - निर्भरता का संयोग है

जीवन में सम्पूर्ण आत्म निर्भरता जैसा कुछ नहीं है। इसे भूल जाओ। यदि आप सोचते हो कि मैं पूर्ण रूप से आत्मनिर्भर हो जाऊं तो ऐसा नहीं होगा। 15, 16 या 17 साल की आयु तक आप आत्मनिर्भर नहीं थे। आप आश्रित ही पैदा हुए थे। आप अपने आप उठ भी नहीं सकते थे, और कोई और आपको उठाता था। कोई आपके डायपर बदलता था। कोई आपको नहलाता था। कोई खिलाता था। कोई सुलाता था। आप एक आश्रित ही पैदा हुए थे और अंत में भी आश्रित ही रहोगे। जब आपकी मृत्यु हो जाती है तो आप अपने शरीर को अपने आप नहीं जला या दफना सकते। जब आप बीमार होते हो किसी को आपका ध्यान रखना होता है। आप अपने डाक्टर नहीं बन सकते। 50-60 वर्ष की आयु के बाद यह बिलकुल स्पष्ट हो जाता है कि आप किसी पर निभर होते हो। किसी हद तक आप नहीं कह सकते कि, मैं पूरी तरह से आत्म निर्भर हूँ। आपको किसी ना किसी की सहायता लेनी ही पड़ती है। अच्छा, फिर यह भी धारणा है कि आप पैसे से आत्मनिर्भर बनते हो। हमें अपनी ज़रुरत पूरा करने के लिए कुछ पैसा चाहिए, पर मान लो कोई भी आपके लिए कार्य करना न चाहे, तो आपका क्या होगा? आपकी धारणा गलत है कि पैसा आपको आत्मनिर्भर बनाता है।



## अपनी बात



अनुराग ठाकुर ने कहा कि आम आदमी पार्टी और अरविंद केजरीवाल के राज में आज दिल्ली में महिलाओं पर अत्याचार उनका अपमान आम बात हो गई है। आज महिलाओं का अपमान केजरीवाल की पहचान बन गया है। नारी शक्ति के प्रति इनके पाप के कारनामों की लिस्ट अंतहीन है। बीजेपी का हर नेता हर दिन आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल को सीधे निशाने पर ले रहा है।



संजय राउत ने कहा, अमित शाह मुंबई में सिर्फ इसलिए आते हैं कि महाराष्ट्र को बदनाम करें, यहां के नेताओं को बदनाम करें। अमित शाह को जम्मू-कश्मीर में जाना चाहिए, मणिपुर में जाना चाहिए। जहां गृह मंत्री की सबसे ज्यादा जरूरत है। मुंबई हमले की 405 पन्नों की चार्जशीट में राणा का नाम भी आरोपी के तौर पर दर्ज है, जिसके मुताबिक राणा आईएसआई और लश्कर-ए-तैयबा का मेंबर है।

## शराब की कालाबाजारी बढ़ाने के लिए की गई बंद करने की घोषणा, सहारा जमीन मामले में तमाम बड़े लोग शामिल कटारे

सत्ता सुधार ■ मुरैना

विधानसभा में कांग्रेस के उप नेता प्रतिपक्ष हेमंत कटारे ने शनिवार की सुबह मुरैना रेस्ट हाउस पर पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि शराब की कालाबाजारी बढ़ाने के लिए शराबबंदी की घोषणा की गई है, जबकि शराब कहीं बंद नहीं है, वहीं सहारा जमीन मामले में उन्होंने आरोप लगाया कि इसमें पूर्व मुख्य सचिव सहित तमाम अधिकारी एवं भाजपा के बड़े-बड़े नेता शामिल हैं, अगर मामले की निष्पक्ष जांच हो जाए तो सच सामने आ जाएगा।

श्री कटारे ने पत्रकारों को बताया कि मुख्यमंत्री ने शराब बंदी नहीं की है, शराब का कारोबार चालू है, सिर्फ उसका एरिया डिवाइड कर दिया गया है कि इतनी नगर पालिका, नगर निगम क्षेत्र में नहीं मिलेगी, थोड़ा दूर जाकर भले ही कोई कितनी भी शराब पीकर उत्पात मचाए, इसलिए शराबबंदी नहीं हुई है। केवल शराब की कालाबाजारी को कैसे बढ़ाया जाए, यही मनसा है। क्योंकि उज्जैन में मुख्यमंत्री निवास से जुड़े लोग शराब का कारोबार कर रहे हैं। एक नंबर में शराब पर कम रुपया मिलता है और दो नंबर की शराब पर ज्यादा रुपया मिलता है। धर्म के नाम पर शराब की कालाबाजारी बढ़ाई जा रही है, धर्म की आड़ में भाजपा राजनीति करती है विकास की बात तो करती नहीं है। बीजेपी प्रचार कर रही है कि शराबबंदी कर दी गई है, शराब कहां बंद हुई है, कहीं बंद नहीं हुई है, यह कहा है कि शराब थोड़ी दूर से लेकर आओ, हमारे रिश्तेदार, भाजपा के गुंडे जो हैं काले रेट पर बेचेंगे तो शराब महंगे दाम पर आएगी और धार्मिक क्षेत्र में शराब का सेवन अधिक बढ़ जाएगा। श्री कटारे ने मुख्यमंत्री के इस कदम की निंदा की है और कहा है कि वह धार्मिक क्षेत्र में आस्था रखते हैं तो इसको बंद करवा देना चाहिए।

श्री कटारे ने सहारा जमीन के मामले में कहा कि इसमें एक विधायक लिप्त नहीं है, बल्कि पूर्व मुख्य सचिव इकबाल सिंह, राजेश शर्मा जिनके यहां छापा पड़ा था और बीजेपी के तमाम बड़े नेता शामिल नजर आएंगे, क्योंकि एक पर्टिकुलर जगह जो सहारा का लैंडयूज चेंज हुआ है।

### लंबे समय से यहां के लोग रेत माफिया से थे परेशान, कार्यवाही के बाद सड़क हुई खाली

# नंदेपुरा रोड पर लगने वाली अवैध रेत की मंडी पर पुलिस की जबरदस्त कार्यवाही, 4 ट्रैक्टर ट्रॉली के साथ आरोपी पकड़े

सत्ता सुधार ■ मुरैना



स्टेशन रोड थाना पुलिस ने वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर चंबल नदी से रेत का अवैध उत्खनन कर परिवहन करने वाले एवं नंदेपुरा रोड पर अवैध रूप से मंडी लगाकर यहां के निवासियों का सुख चौन छीनने वालों पर लंबे समय बाद जबरदस्त कार्रवाई की। इस कार्रवाई के दौरान रेत माफिया ट्रैक्टर ट्रॉली लेकर भागने लगे और एक ट्रैक्टर ट्रॉली ने मंदिर की दीवार तोड़ दी तो वहीं एक फोर व्हीलर वाहन को क्षतिग्रस्त कर दिया। इस कार्रवाई में पुलिस ने 4 ट्रैक्टर ट्रॉलियों के साथ 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध मामला दर्ज किया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नंदेपुरा रोड पर लंबे समय से रेत की अवैध मंडी संचालित हो रही थी और इसको लेकर यहां के निवासियों द्वारा समय-समय पर जिला प्रशासन एवं पुलिस अधिकारियों को बताया गया, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। शनिवार की सुबह अचानक स्टेशन रोड थाना प्रभारी अमर सिंह द्वारा भारी पुलिस फोर्स के साथ यहां संचालित रेत की मंडी पर कार्यवाही की गई। बताया जाता है कि एक छोर पर पुलिस ने हाइड्रा लगा दिया, जिससे रास्ता बंद हो जाए और ट्रैक्टर ट्रॉली चालक भाग ना सके, तो वहीं दूसरे छोर से पुलिस उनका पीछा करने लगी। पुलिस को देखकर रेत माफिया ट्रैक्टर ट्रॉली लेकर तेज गति से भागने लगे, इस भाग दौड़ में एक ट्रैक्टर ट्रॉली ने सड़क किनारे स्थित मंदिर की दीवार को तोड़ दिया तो वहीं एक कार को क्षतिग्रस्त कर दिया। पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद 4 ट्रैक्टर ट्रॉली के साथ उनके 4 चालकों को गिरफ्तार कर लिया। स्टेशन रोड थाना पुलिस ने चार आरोपी पकड़े हैं, उनमें सुनील गुर्जर निवासी शिवलाल का पुरा, भोला गुर्जर निवासी शिवलाल का पुरा, हरिकेश गुर्जर रिठौरा एवं राम अवतार गुर्जर निवासी कुल्हाडा शामिल है। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रेत उत्खनन परिवहन सहित खनिज अधिनियम की अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस की कार्यवाही के बाद नंदेपुरा रोड खाली-खाली नजर आने लगी और यहां के निवासियों ने राहत की सांस ली है, क्योंकि यहां पर रेत माफिया सुबह से दोपहर तक खड़े होकर माहौल खराब कर रहे थे और आए दिन लड़ाई झगड़ा एवं गाली-गलौज के कारण महिलाओं का निकलना मुश्किल हो रहा था। पुलिस की कार्यवाही से फिलहाल लोगों को सुकून मिल गया है, अब देखना यह होगा कि यह अवैध रेत मंडी कब तक बंद रहती है।

### सिविल लाइन पुलिस ने अंबाह बाईपास से एक ट्रैक्टर ट्रॉली पकड़ा

**शनिवार को स्टेशन रोड थाना पुलिस के साथ-साथ सिविल लाइन थाना प्रभारी दर्शन लाल शुक्ला ने लगातार रेत माफिया द्वारा अंबाह बायपास मार्ग पर आतंक मचाए जाने की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए एक ट्रैक्टर ट्रॉली को जप्त कर लिया, जबकि उसका चालक भाग निकला। श्री शुक्ला के मुताबिक पुलिस को देखकर वहां खड़े रेत के ट्रैक्टर ट्रॉली को लेकर चालक भागने लगे, पीछा करने पर एक ट्रैक्टर ट्रॉली चालक वाहन को छोड़कर फरार हो गया, जिसे जप्त कर लिया गया है। देहात थाना पुलिस ने ट्रैक्टर ट्रॉली जप्त करते हुए आरोपी के विरुद्ध चोरी एवं खनिज अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है और राजसात की कार्रवाई की जाएगी।**



### महापौर कमिश्नर मनमानी करते रहे तो कांग्रेस करेगी आंदोलन

## विपक्ष के बिना महत्वपूर्ण बिंदु पारित करना गैर संवैधानिक : विनीत

सत्ता सुधार ■ मुरैना



नगर पालिक निगम मुरैना में नेता प्रतिपक्ष विनीत कंसाना ने जारी प्रेसविज्ञप्ति में कहा है कि विगत दिवस आयोजित बैठक में विपक्ष के 15 बिंदु शामिल नहीं किए गए, जिसके चलते विपक्ष ने उसका बहिष्कार कर दिया। विपक्ष की गैर मौजूदगी में सत्ता पक्ष के लोगों द्वारा बिंदु पारित कर दिए गए जो कि गैर संवैधानिक है। इस तरह से अधिकारियों की मनमानी नहीं चलेगी और विपक्ष पूरी ताकत के साथ इसका विरोध करेगा तथा सड़कों पर भी आंदोलन करेगा।

निगम नेता प्रतिपक्ष श्री कंसाना ने ने बताया कि इस बार मुरैना पशुपतिनाथ महादेव मेला की छवि को धूमिल करने का काम निगम के कर्मचारी और अधिकारियों द्वारा निगम की महापौर और कमिश्नर की दम पर किया जा रहा है। इस बार मेले में छोटी सी लाइट का किराया 1000 रुपए लिया जा रहा है जबकि नई लाइट ही 800 रुपए की आती है और तो और मेले में दुकानदारों को दुकान 4 गुने दामों पर दी गई है, जिसकी कोई ऑनलाइन रसीद या लेखा-जोखा नहीं है। पशुपति नाथ महादेव मेला में ठेकेदार द्वारा अपने प्रोग्राम में अश्लील नृत्य कर मुरैना को शर्मसार किया जा रहा है, जोकि अत्यधिक निंदनीय है। इस मामले पर निगम आयुक्त से चर्चा की गई तो उनके द्वारा कोई भी संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया। पूर्व में निगम के समस्त पार्षदों द्वारा टोल टैक्स पर धरना प्रदर्शन कर 22 करोड़ का राजस्व बसूला गया था, जिसका सभी वार्डो में विकास के लिए समान राशि का वितरण किया जाना था परंतु निगम महापौर, कमिश्नर व उनकी एमआईसी द्वारा तानाशाही तरीके से विपक्षी पार्षदों के साथ भेदभाव किया गया और चहेते ठेकेदारों का भुगतान बिना जांच के किया गया। जिसमें निगम की महापौर, कमिश्नर सहित कर्मचारी और अधिकारियों ने मोटी दलाली की है।

श्री कंषाना ने कहा कि शहर की साफ-सफाई, सीवर लाइन, पानी की व्यवस्था, ध्वस्त पड़ी है। हर जगह गंदगी के ढेर पड़े है ड्रेनेज सिस्टम फैल पड़ा है इन सभी तमाम बिंदुओं को एजेंडे में नहीं जोड़ा गया। इसी तरह चंबल वाटर प्रोजेक्ट ने शहर की हालात तहस नहस कर दी है सड़कों को तोड़ फोड़ कर डाल दिया गया है। पानी की पाइप लाइन बिना लेवल के डाली जा रही और तो और नल-जल योजना के ठेकेदार द्वारा निगम की संपत्ति जैसे सीवर चौंबर , पुरानी पानी पाइप लाइन,पुलियाओं को तोड़ा जा रहा है जिस पर निगम महापौर और आयुक्त चुप्पी साधे बैठे है। शहर के विकास के लिए निगम नेता प्रतिपक्ष विनीत कंसाना व विपक्षी पार्षदों द्वारा परिषद की बैठक से पूर्व 15 बिंदु दिए गए थे, जिन्हें हटाकर सिर्फ बैठक की खाना पूर्ति की जा रही थी।






## बिना हैलमेट दो पहिया वाहन चालकों को निःशुल्क हैलमेट उपलब्ध कराये

मुरैना। परिवहन आयुक्त मध्यप्रदेश, कलेक्टर अंकित अस्थाना एवं पुलिस अधीक्षक समीर सौरभ के निर्देशानुसार सड़क दुर्घटनाओं के रोकथाम हेतु सड़क सुरक्षा माह-2025 के अन्तर्गत स्कूल, कॉलेजों में कैम्प लगाकर छात्र-छात्राओं को मोटरयान नियमों से संबधित जानकारी से अवगत कराया जा रहा है। साथ ही कोहरे एवं धुन्ध से बचाव के लिये व्यवसायिक वाहनों पर रिफलेक्टिंग टैप लगाया जाने की कार्यवाही भी की गयी। इसी क्रम में शुक्रवार को राष्ट्रीय चालक दिवस' के अवसर पर एनएचएआई टोल प्लाजा परिसर पर व्यवसायिक वाहनों के चालकों हेतु निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर स्वास्थ्य विभाग मुरैना के सहयोग से आयोजन किया गया। परिवहन विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित कार्यक्रम में वाहन चालकों के नेत्र परीक्षण कर आवश्यक चिकित्सीय सलाह एवं आवश्यकतानुसार उपचार हेतु चिकित्सकीय दवाईयाँ एवं चश्में आदि उपलब्ध कराये गये। शिविर के दौरान मार्ग से गुजरने वाले दो पहिया वाहन चालकों को रोककर यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित किये जाने हेतु अवगत कराया।





































गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं
जय हिन्द
सुभाषबाबू दौंहरे
उपसंचालक, पशु चिकित्सा सेवाएँ श्योपुर


माँ तुझे सलाम
ग्राम पंचायत रानीपुरा
गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं
जय हिन्द
गिर्राज पालीवाल
सचिव
प्रमोद आदिवासी
सरपंच


गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
किशोर कुमार कन्याल
कलेक्टर श्योपुर
जीके पचौरिया
प्रभारी उप संचालक कृषि विभाग
सौजन्य से- कृषि कल्याण विभाग एवं
समस्त कर्मचारीगण श्योपुर।


गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं
जय हिन्द
ओपी पांडेय
जिला कार्यक्रम अधिकारी,
महिला एवं बाल विकास विभाग


ग्राम पंचायत ढोढर
गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं
नारायण प्रसाद गोयल
सरपंच
रामभरोसे गुप्ता
सचिव


गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं
जय हिन्द
गिर्राज गोयल
सचिव
कुलदीप दुबे
भारसाधक अधिकारी
अपील- किसान अपनी उपज का
माल मंडी प्रांगण में ही बेचें।
व्यापारी से नकद भुगतान प्राप्त करें।
किसानों के लिए सफाई,
पीने के पानी की व्यवस्था है।
मंडी में किसानों के
ठहरने की व्यवस्था है
कृषि उपज मण्डी, बड़ौदा


मै. यासीन जी इलेक्ट्रॉनिक्स
एण्ड फर्नीचर उद्योग
गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं
पता-सुगरा पैलेस के पास बड़ौदा रोड,
श्योपुर मोबा. 9301293352, 9179873152


गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं
अभिषेक पटले
खनिज निरीक्षक
श्योपुर


ग्राम पंचायत जैनी
गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं
रामभरत मीणा
सरपंच
शैलेन्द्र पाराशर
सचिव


गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं
हर्ष उपाध्याय
संभागीय सचिव, चंबल संभाग मप्र पटवारी संघ


गणतंत्र दिवस पर सभी जिलेवासियों
को हार्दिक शुभकामनाएं।
जिला शिक्षा केन्द्र श्योपुर
माँ तुझे सलाम
डॉ. पीएस. गोयल
डीपीसी


गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं
जय हिन्द
बाबू जंडेल
विधायक श्योपुर


गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं
जय हिन्द
अजय वाजपेयी
रेंजर
सामान्य वन मंडल श्योपुर

ब्रीफ न्यूज

### गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में तुलसी उद्यान में डॉ दिलीप जैन करेंगे झंडा वंदन



**खंडवा।** सारे जहां से अच्छा हिंदुस्तान हमारा,इंडिया नहीं भारत बोलो का संदेश देते हुए इस बार अंतर्राष्ट्रीय पोरवाड़ दिगंबर जैन सामाजिक मंच खंडवा जोन द्वारा 76 गणतंत्र दिवस के अवसर पर तुलसी उद्यान सराफा बाजार खण्डवा में तिरंगा फहराया जाएगा। पोरवाड़ सामाजिक मंच मीडिया प्रभारी प्रेमांशु चौधरी ने बताया कि 26 जनवरी रविवार को प्रातः 8 बजे जैन चौक से तुलसी उद्यान तक रैली निकाली जाएगी। उसके पश्चात तुलसी उद्यान में झंडावंदन डॉ दिलीप जैन ,श्रीमती आरती जैन के द्वारा किया जाएगा।पोरवाड़ सामाजिक मंच अध्यक्ष प्रेमांशु जैन अधिवक्ता एवं समस्त कार्यकारिणी ने सभी समाजजन एवं क्षेत्रवासियों से निवेदन किया है कि गणतंत्र दिवस पर झंडा फहराने के लिए पुरुष श्वेत रंग का कुर्ता पैजामा एवं महिलाएं श्वेत रंग की साड़ी पहनकर सपरिवार सादर सम्मिलित होवे।

### गणतंत्र दिवस पर वरिष्ठ कांग्रेस सदस्य जवेरीलाल जैन करेंगे झंडावंदन

**खंडवा।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी हम गणतंत्र दिवस कल 26 जनवरी को मनाया जाएगा। जिला कांग्रेस प्रवक्ता प्रेमांशु जैन ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतु पटवारी के निर्देशानुसार खण्डवा शहर के घंटाघर स्थित उद्यान में जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी की ओर से आयोजित समारोह में प्रातः 08.30 बजे मुख्य अतिथि जवेरीलाल जी जैन वरिष्ठ कांग्रेस सदस्य द्वारा झण्डावंदन किया जायेगा। झंडा गान और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतु पटवारी जी के सन्देश वाचन पश्चात सामूहिक राष्ट्रीय गान के बाद,नगर निगम तिराहे पर स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी एवं जिला अस्पताल के सामने स्थित संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण पश्चात कार्यक्रम का समापन होगा।जिला कांग्रेस अध्यक्ष अजय ओझा एवं शहर कांग्रेस अध्यक्ष डॉ मुनीश मिश्रा ने कांग्रेस पार्टी के समस्त प्रकोष्ठों के सदस्य एवं पदाधिकारियों से कार्यक्रम में समय पर शामिल होने का निवेदन किया है।

### गूंजेंगे वतन के तराने,गीतों में दिखेगा देशभक्ति का जज्बा

**सीहोर।** शहर में पिछले दो दशकों से भी अधिक समय से आयोजित होता आ रहा देशभक्ति गीतों का कार्यक्रम एक शाम देश के नाम इस बार 27 जनवरी 2025 सोमवार को शाम 05 बजे स्थानीय होटल ब्लू स्टार भोपाल नाका सीहोर पर आयोजित किया जाएगा। आयोजित होने वाले इस कायज़्क्रम के संयोजक प्रदीप नागिया, अध्यक्ष आशीष गुप्ता ने बताया कि आयोजन में देशभक्ति के तराने गूंजेंगे और स्कूली बच्चों द्वारा नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी जाएगी। इसमें से पहला, दूसरा और तीसरा स्थान पाने वाली टीमों को ट्रॉफी भेंट कर सम्मानित किया जाएगा। साथ ही सभी सहभागी प्रतियोगियों को भी पुरुस्कृत किया जाएगा।

# कलेक्टर ने निर्वाचन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों को किया सम्मानित

- नवीन मतदाताओं को प्रदान किए इपिक कार्ड
- जिला पंचायत सभाकक्ष में मनाया गया राष्ट्रीय मतदाता दिवस




सत्ता सुधार ■ सीहोर

कलेक्ट्रेट जिला पंचायत सभाकक्ष में 15 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर प्रवीण सिंह तथा एसपी दीपक कुमार शुक्ला ने नवीन मतदाताओं को इपिक कार्ड वितरित किए। उन्होंने निर्वाचन के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले जिला प्रशासन तथा पुलिस के अधिकारी-कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में भारत निर्वाचन आयोग के मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार का संदेश सुनाया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर प्रवीण सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाने का उद्देश्य मतदाताओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना, निर्वाचन प्रक्रिया में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करना और निष्पक्ष चुनाव सम्पन्न कराना है। उन्होंने सभी अधिकारी कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि हम सभी ने जिम्मेदारपूर्वक सामूहिक रूप से कार्य करते हुए शांतिपूर्ण और सफलतापूर्वक लोकसभा तथा विधानसभा के निर्वाचन संपन्न कराए हैं। उन्होंने कहा कि यह सभी की कड़ी मेहनत और लगन का परिणाम है कि हम मतदान में अपने जिले का मतदान प्रतिशत बढ़ाने में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पाए।

### मतदाताओं को दिलाई गई शपथ

कार्यक्रम में कलेक्टर श्री सिंह ने उपस्थित मतदाताओं को लोकतांत्रिक परंपराओं की मयार्दा को बनाए रखने तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निवाज़्चनों में स्वतंत्र तथा निष्पक्ष रूप से मतदान करने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह, एडिशनल एसपी गीतेश गर्ग, संयुक्त कलेक्टर आनंद सिंह राजावत, एसडीएम तन्मय वर्मा सहित जिला प्रशासन एवं पुलिस के अधिकारी-कर्मचारी तथा नए मतदाता उपस्थित थे।

### निबंध प्रतियोगिता के विजेताओं को किया सम्मानित

कलेक्टर एवं जिला निवार्चन अधिकारी सिंह ने गत विधानसभा चुनाव के स्वीप गतिविधियों के तहत आयोजित की गई निबंध प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विजेताओं को पुरस्कार राशि एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान छात्र प्रदीप प्रजापति, द्वितीय रानी मीना तथा प्रीति वर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

क्या दादाजी की नगरी धार्मिक नगरी नही है ?

## केबिनेट में प्रस्ताव लाकर खण्डवा में भी होना चाहिए शराब बंदी : जिला प्रवक्ता प्रेमांशु जैन

सत्ता सुधार ■ खंडवा

सीएम मोहन यादव ने डेस्टिनेशन कैबिनेट में प्रदेश के 17 धार्मिक नगरों में शराबबंदी के आबकारी विभाग के प्रस्ताव को स्वीकृति दे दी है।

एक अप्रैल से उज्जैन, ओरछा समेत अन्य नगरों में शराब दुकानें बंद हो जाएंगी। इसके साथ ही मोहन कैबिनेट ने कई प्रस्तावों को मंजूरी दी है। कैबिनेट ने 17 धार्मिक नगरों में शराबबंदी लागू करने का निर्णय लिया है। इसके तहत एक अप्रैल से अब प्रदेश के 17 धार्मिक नगरों में शराब नहीं बिकेगी और दुकानें बंद हो जाएंगी।ओंकारेश्वर जिला खण्डवा में शराबबंदी का हम स्वागत करते है पर खंडवा में भी शराबबंदी करना चाहिए इसके लिए मुख्यमंत्री ने कैबिनेट में प्रस्ताव लाकर निर्णय लेना चाहिए। जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता प्रेमांशु जैन ने कहा खण्डवा भी धार्मिक नगरी है , यहां दादाजी धूनी वाले की समाधी है,देश विदेश से लाखों लोग यहा मत्था टेकने श्रद्धा से आते है क्या खंडवा में शराबबंदी होगी, पूरे मध्य प्रदेश में शराबबंदी होना चाहिए जिससे कि देश के युवा और महिलाओं पर अत्याचार बंद हो सके और महिलाओं पर अत्याचार, दुराचार एवं बेरोजगारी के कारण लोग नशे की आदि होते जा रहे हैं मेरा मानना है पूरे प्रदेश में शराबबंदी होना चाहिए, सिर्फ 17 धार्मिक स्थान पर नहीं।

पीसीजी कॉलेज में राष्ट्रिय मतदाता दिवस मन कर छात्र-छात्राओं ने वोट डालने के लिए शपथ

## वर्ष 2025 की थीम "वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरुर डालेंगे हम"



सत्ता सुधार ■ खंडवा

15 वे राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में पूनमचंद गुप्ता महाविद्यालय में विभिन्न आयोजन किये गए। जिसमे महाविद्यालय स्तर पर ÷वोट जैसा कुछ नही ,वोट जरूर डालेंगे हम÷ विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने सहभागिता की। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि हमारे देश में राष्ट्रीय मतदाता दिवस प्रत्येक वर्ष 25 जनवरी को मनाया जाता है विश्व में भारत जैसे सबसे बड़े लोकतंत्र में मतदान को लेकर कम होते रुझान को देखते हुए इस दिवस को मनाने की आवश्यकता महसूस हुई प्रतिवर्ष 25 जनवरी को मतदाता दिवस बनाकर मतदाताओं को जागरूक किया जाता है, 15वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस 2025 की थीम है ,,वोट जैसा कुछ नहीं वोट जरुर डालेंगे हम,, ऐसा करके ही लोकतंत्र को मजबूती दी जा सकती है, इसी क्रम में 25 जनवरी शनिवार को मतदान जागरूकता के लिये कॉलेज में छात्र-छात्राओं को शपथ भी दिलाई गई। जिसमें महाविद्यालय प्राचार्य डॉ दीपेश उपाध्याय ने मतदान के महत्व को बताया। उन्होंने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि देश की युवा पीढ़ी ही देश का भविष्य है हमे अपने आसपास सभी लोगो को मतदान के लिये जागरूक करना चाहिये। आयोजन में सभी प्राध्यापक एवं विद्यार्थी सम्मिलित हुए।

## उत्साह और उमंग के साथ राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस पूरे जिले में मनाया जाएगा

### मुख्य कार्यक्रम स्टेडियम पर होगा जहां कलेक्टर करेंगे ध्वजारोहण

### नगर निगम के आजाद भवन में महापौर द्वारा होगा ध्वजारोहण

**खंडवा।** गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर 26 जनवरी रविवार को पूरे जिले में उत्साह और उमंग के साथ गणतंत्र दिवस पर्व मनाया जाएगा, गणतंत्र दिवस का मुख्य आयोजन गुरु गोविंद सिंह स्टेडियम पर आयोजित होगा, समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि 26 जनवरी को स्टेडियम ग्राउंड पर प्रातः 9ः00 बजे जिला कलेक्टर अनूप कुमार सिंह ध्वजारोहण कर परेड निरीक्षण के पश्चात मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन करेंगे, मुख्यमंत्री के संदेश के बाद स्टेडियम ग्राउंड पर हर्ष फायर, अलग-अलग स्कूलों के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम, विभागीय झाँकियाँ प्रदर्शन के बाद पुरस्कार वितरण कार्यक्रम आयोजित होगा, प्रातः 11.20 बजे राष्ट्रगान व कार्यक्रम का समापन होगा, समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी नगर निगम के आजाद भवन में प्रातः 7:30 बजे महापौर अमृता अमर यादव द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा साथ ही शांति के प्रतीक गुब्बारे उड़ाए जाएंगे।

## आदिवासी समाज निष्काम होकर राम को गाता तो है पर उनसे कुछ पाना नहीं चाहता: राजाराम कटारे

### प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस में एक दिवसीय जनजाति गौरव व्याख्यानमाला एवं प्रदर्शनी सम्पन्न




सत्ता सुधार ■ खंडवा

जनजातीय संस्कृति भारतीय संस्कृति का सिरमौर है, सृजन का प्रतीक है। रामायण, महाभारत, मुगल काल, अंग्रेज़ी शासन में प्रथम पंक्ति के योद्धा के रूप में जनजातीय समाज ने अपना योगदान दिया। भक्ति से देशभक्ति तक के स्वर जनजातीय लोकगीतों में उपलब्ध है। कर्मकांड से परे आध्यात्मिक के मूल भाव आदिवासी समाज में आज भी विद्यमान है, निष्काम हो वह राम को गाता तो है पर उनसे कुछ पाना नहीं चाहता है। उक्त विचार सामाजिक कार्यकर्ता राजाराम कटारा ने मुख्य वक्ता के रूप में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस, श्री नीलकंठेशवर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, खंडवा में जनजाति गौरव पर केंद्रित व्याख्यानमाला विद्यार्थियों एवं स्टाफ के समक्ष विस्तारपूर्वक व्यक्त किए।

संस्था के प्रभारी प्राचार्य डॉ गणेश प्रसाद दावरे ने बताया कि ऐतिहासिक, सामाजिक एवं आध्यात्मिक योगदान के संदर्भ में जनजातीय नायको पर केंद्रित एक दिवसीय व्याख्यानमाला एवं प्रदर्शनी का आयोजन मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देश पर आईक्यूएसी के सहयोग से किया गया।

उक्त कार्यक्रम के संयोजक प्रो विकास वर्मा ने बताया कि सर्वप्रथम आगंतुक अतिथियों का स्वागत एनएसएस के स्वयंसेवकों ने लोकगीत एवं एनसीसी कैडेट ने परेड के साथ किया। तत्पश्चात अतिथियों द्वारा भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के सहयोग से निर्मित प्रदर्शनी जिसमें जनजाति गौरव पर केंद्रित चित्रावली, जड़ी बूटियों, पूजनीय पौधे, जनजाति संस्कृति के गौत्र, जीव जंतु से संबंधित साहित्य एवं भारतीय ज्ञान परंपरा से संबंधित पुस्तकों का प्रदर्शन प्रमुख है, का उद्घाटन किया गया। उक्त कार्यक्रम में जनजाति अध्ययन केंद्र, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर के विभागाध्यक्ष डॉ सखाराम मुजाल्दे ने विषय विशेषज्ञ एव विशेष वक्ता के रूप में बाबा तिलका मांझी, रघुनाथ मंडलोई, बिरसा मुंडा, टंट्या मामा आदि प्रमुख जनजातीय नायकों के गौरवशाली इतिहास एवं उनके योगदान पर व्याख्यान देते हुए कहा कि जनजाति समुदाय ने सामाजिक, धार्मिक, आर्थिक, साहित्य के सरोकारों को संजोकर आज तक रखा हुआ है। भारतीय ज्ञान परंपरा आदिवासी समाज के बिना अपूर्ण है। उक्त कार्यक्रम के दौरान समाजिक कार्यकर्ता सुनील बडालकर, रामजी पटेल अजय धोपे, विवेक पाटीदार विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था प्राचार्य डॉ गणेश प्रसाद दावरे ने की।

कार्यक्रम के प्रारंभ सरस्वती वंदना विजयलक्ष्मी अंकले, दुर्गा नंदमैहर, अंजलि कास्डे, मीना डुडवे, शर्मिला ठाकरे ने प्रस्तुत की। स्वागत भाषण प्रो मीनाक्षी मंडलोई ने दिया तथा अतिथि परिचय प्रो महेश भाभोर ने दिया।

कार्यक्रम के दौरान जनजातीय संस्कृति पर केंद्रित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी प्रस्तुति दी गयी। इस दौरान जनजाति गौरव पर केंद्रित एक लघु फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया। राम नाम के महत्व को प्रतिपादित करने वाले कोरकू लोकगीत का सामूहिक गायन राहुल दिनकर, कमलेश सिलाले, जीत पालवी, पृथ्वीराज मार्को, हरिओम मासरे सुभाष निगवाल ने प्रस्तुत किया। एकल कोरकू लोकगीत का गायन पृथ्वीराज मार्को ने किया। इस दौरान ढोलक का वादन दीपक विश्वकर्मा ने किया। आदिवासी लोकनृत्य की प्रस्तुति पूजा सोनवणे, दीपांशी विश्वकर्मा, सलोनी काजले, श्रेया विलगे, गहना धुर्वे ने लोक नृत्य की प्रस्तुति ने दी। रितेश तंवर, तुषार ओसवाल, लक्की कनाड़े, हिमांशु राठौड़, उदय वर्मा, राजनंदिनी, भावना प्रीति, मेघा, आरती, विनय, निलेश ने टंट्या मामा की जीवनी पर केंद्रित लोकनाट्य की प्रस्तुति दी। अध्यक्षीय उद्बोधन देते हुए संस्था प्राचार्य डॉ गणेश प्रसाद दावरे ने मुख्य वक्ता राजाराम कटारा, विशेष वक्ता डॉ सखाराम मुजाल्दे के वक्तव्य का समाहार करते हुए जनजातीय गौरव की परंपरा पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन प्रो मीनाक्षी मंडलोई ने किया तथा अतिथियों के प्रति आभार प्रो महेश भाभोर ने व्यक्त किया।

## स्वतंत्रता संग्राम सेनानी कोमलचंद जैन का किया सम्मान



**जबलपुर।** 76वें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पे क्राइस्ट चर्च स्कूल्स एलूमिनी आर्गेनाइजेशन के सदस्य प्रदीप जैन, सुनील पिनयानी, रोहित खन्ना, एवं वरिष्ठ समाज सेवक डॉ. इंद्रा कुमार खन्ना द्वारा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी कोमल चंद जैन को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनके अंग्रेजों के खिलाफ त्याग एवं तपस्या का स्मरण किया गया7 कोमल जैन साहब ने आजादी की लड़ाई में सन 1942 से बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया था और उन्हें 1 साल की कठोर कारावास की सजा दी गई थी7 कोमल चंद जैन के परिवार वालों जिसमें शरद जैन, सोनल जैन, बसंत जैन, साकेत जैन, दिशा जैन, सीए शनल जैन, प्रज्ञा जैन, रीधांश जैन ने दी क्राइस्ट चर्च स्कूल्स एलूमिनी आर्गेनाइजेशन के सदस्यों के कार्य को सराहा एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## गणतंत्र दिवस पर केडीएम फाउंडेशन का निःशुल्क स्वास्थ्य परामर्श शिविर

### सिंगोट में स्वास्थ्य परामर्श शिविर

**खण्डवा।** केडीएम फाउंडेशन द्वारा गणतंत्र दिवस के अवसर पर 26 जनवरी रविवार को ग्राम सिंगोट स्थित श्री साईं विद्या निकेतन सिंगोट में निःशुल्क स्वास्थ्य परामर्श शिविर का आयोजन किया जा रहा है।जानकारी देते हुए नारायण बाहेती व सुनील जैन ने बताया कि केडीएम फाउंडेशन द्वारा समय समय पर विभिन्न स्थानों पर स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जाता हैं।उसी कड़ी में सिंगोट में आयोजित स्वास्थ्य परामर्श शिविर में नेत्र परीक्षण,अस्थमा,शिशु रोग,पेट रोग,दंत रोग व चर्म रोग की दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक निःशुल्क जांच की जावेगी। शिविर में हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ महेंद्र पंवार, दंत रोग विशेषज्ञ डॉ अदिति शर्मा, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ शरद अग्रवाल, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ सोमिल जैन,चर्मरोग विशेषज्ञ डॉ नेहा बलवानी,अस्थमा रोग विशेषज्ञ डॉ संदीप परिहार एवं एम डी जनरल मेडीशन डॉ आदित्य शर्मा उचित परामर्श प्रदान करेंगे। निःशुल्क रजिस्ट्रेशन हेतु सुनील साकल्ले,अरुण जायसवाल,अमन तिरोले से सम्पर्क कर सकते है।गत दिनों जसवाड़ी में भी संस्था द्वारा परामर्श शिविर का आयोजन किया गया जिसका बड़ी संख्या में ग्रामीणजनों ने लाभ लिया। शिविर में रोटरी क्लब खण्डवा निमाड़,लायन्स व समाजसेवी उपस्थित होकर सेवाएं देंगे।सुभाष मेहता,सिद्धार्थ मेहता व संस्था सदस्यों ने सभी से शिविर का लाभ लेने की अपील की।

## बदलते मौसम ने बढाई किसानों की मुश्किल

**सीहोर।** इस बार मौसम के बदलाव और क्लाइमेट के चलते फसलों का मिजाज भी बदल गया है। चने में जहां इस बदलाव से 20 से 25 दिन की अवधि बढ़ गई है। तो वहीं गेहूं में इल्ली से पैदावार घटने के अनुमान कृषि विज्ञानियों व किसानों द्वारा लगाए जा रहे हैं। चने और गेहूं की फसल में पिछले दिनों दिन में पारा अधिक व रात में ठंडक से इल्ली के लिए अनुकूल मौसम बना हुआ है जो फसल पर प्रतिकूल असर डाल रहा है।

उल्लेखनीय है कि जिले में रबी की फसल में मुख्य रूप से गेहूं और चने की फसल की बोवनी ही की जाती है। जिन के किसानों के सिंचाई के पर्याप्त साधन नहीं रहते हैं, वह बरसात की समाप्ति के शुरूआती दौर में ही चने की फसल की बोवनी कर देते हैं।

ऐसे में जब चने की फसल में फूल आने का समय हुआ तभी मावठे की बरसात हो गई। जिससे फूल की ग्रोथ थम गई और पौधे की बढवार शुरू हो गई जिसके कारण चने की उम्र में बढ़ोत्तरी हुई है। वहीं गेहूं में भी पिछले 4 से 5 वर्ष से इल्लियों का प्रकोप बढ़ गया है, जो लगातार पैदावार घटा रहा है। कृषि केन्द्र सेवनिया के फसल विज्ञानी जेके कन्नाजिया ने बताया कि पिछले दिनों दिन में तापमान में बढ़ोत्तरी और रात में गिरावट के कारण इल्ली का प्रकोप बढ़ा है। चने में किसी भी समय इल्ली लगती रही है, लेकिन गेहूं में पिछले 4 -5 साल से फौजी कीट का प्रकोप बढ़ रहा है, जो इस समय नुकसान वाली स्थिति में है, गेहूं की बढ़वार के समय यह कीट दिन में जमीन की दरारों में छिप जाता है और रात अंधेरा होते ही यह गेहूं की कोमल पत्तियां खाता है और उसके बाद यह बाली में घुसकर दाने भी चट कर जाता है, यह कीट आमतौर पर दिन में दिखाई नहीं देता है, लेकिन खेत में चाय पत्ती के आकार के बीट करता है जिससे निपटने के लिए किसान खुद निरीक्षण करें यदि बीट या फसल की पत्तियां ज्यादा कटी हुई दिखाई दें तो कृषि विज्ञानियों की सलाह से दवा का छिड़काव करें। मौसम विज्ञानी एसएस तोमर ने बताया कि इस समय पश्चिम से हवाएं चलने के कारण बदली छा रही है। जो कीट के लिए अनुकूल मौसम बना रही है, लेकिन आगामी एक सप्ताह में हवाएं उत्तरी पूर्वी होने से फसलों को लाभ मिलेगा। अभी तापमान 10 डिग्री के आसपास बना हुआ है। जिसस फसल की बढ़वार हो रही है, जैसे ही तापमान 20 डिग्री के पार जाएगा। उससे फसलों को लाभ मिलेगा। करीब एक सप्ताह बाद तापमान में बदलाव आएगा।

# सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल के सानिध्य में जिला अध्यक्ष तोमर का सिंधू भवन में हुआ भव्य स्वागत अभिनंदन

सत्ता सुधार ■ खंडवा




प्रदेश संगठन द्वारा खंडवा जिले भाजपा की कमान पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सरल सहज एवं मधुर वाणी के धनी राजपाल सिंह तोमर को जिला अध्यक्ष बनाकर सोंपी गई, पूरे जिले में जिला अध्यक्ष श्री तोमर का स्वागत अभिनंदन किया जा रहा है, समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि जिला अध्यक्ष श्री तोमर जहां पार्टी संगठन के कार्यक्रमों में शामिल हो रहे हैं वहीं प्रत्येक विधानसभा स्तर पर मंडल स्तर पर स्वागत अभिनंदन समारोह में भी उपस्थित हो रहे हैं, सिंधी समाज ने खंडवा के सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल के मुख्य आतिथ्य में भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त अध्यक्ष राजपाल सिंह तोमर का नागरिक अभिनंदन किया, विशेष अतिथि के रूप में विधायक छाया मोरे ,पूर्व विधायक देवेंद्र वर्मा,पूर्व विधायक राम दागोंरे,पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश डोंगरे,पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष हरीश कोटवाले,पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष सेवादास पटेल,मंडल अध्यक्ष प्रदीप यादव,वरिष्ठ भाजपा नेता दिनेश पालीवाल,महामंत्री राजेश तिवारी,छैगांव माखन जनपद अध्यक्ष महेंद्र सिंह सावनेर,धर्मेंद्र बजाज प्रवक्ता सुनील जैन आदि उपस्थित रहे। सिंधी समाज के प्रवक्ता कमल नागपाल ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि शुक्रवार रात्रि 9.45 बजे से सिंधु भवन में नागरिक अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता सिंधी समाज के अध्यक्ष श्री गेहीराम सीतलानी ने की।स्वागत उद्बोधन देते हुए उपाध्यक्ष मोहन दीवान ने समस्त अतिथियों का शाब्दिक स्वागत किया।

विशेष सलाहकार अनिल आरतानी ने कहा कि सिंधी समाज पार्टी से सदैव जुड़ा हुआ रहा है लेकिन पार्टी ने उतना समाज को दिया नहीं है जिसकी वह हकदार है। अतिथियों का स्वागत पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष गेहीराम सीतलानी,संरक्षक गोपालदास पमनानी,उपाध्यक्ष नानकराम चंदवानी,उपाध्यक्ष मोहन दीवान, सचिव श्याम हेमवानी,अंकेक्षक डॉक्टर जी एल हिंदूजा,विशेष सलाहकार मुन्ना लधानी, अनिल आरतानी,सह सचिव किशोर लालवानी,प्रवक्ता कमल नागपाल सहित पार्षद काजल सोनू लालवानी,पार्षद पवन गोस्वामी, पार्षद प्रतिनिधि सोनू लालवानी,सहयोगी सदस्य चंद्र कुमार वाधवा, राम वासवानी,सोना वासवानी, महेश कुमार चंदवानी,मनोज गैलानी, चुन्नीलाल नेभनानी, गणेश गुरबाणी, साधु लखानी, कुंदन चेतवानी, जयपाल लालवानी, बबलू राजानी,किशोर चंदवानी, ओमी मनवाणी, निक साहनी,पवन डेंबरा, राजू शादीजा आदि ने किया।

मुख्य समारोह में प्रभारी मंत्री सिलावट करेंगे ध्वजारोहण

# जिले में हर्षोल्लास, धूमधाम एवं गरिमा के साथ मनेगा 76वां गणतंत्र दिवस

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

गौरवशाली भारतवर्ष का 76वाँ गणतंत्र दिवस जिले में हर्षोल्लास, धूमधाम एवं गरिमा के साथ मनाया जायेगा। जिला मुख्यालय स्थित एसएएफ. ग्राउण्ड पर मुख्य समारोह आयोजित होगा। गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि जिले के प्रभारी एवं जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट होंगे। प्रभारी मंत्री श्री सिलावट समारोह में प्रातः 9 बजे राष्ट्रीय ध्वज फहरायेंगे और संयुक्त परेड की सलामी लेंगे।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि सिलावट द्वारा प्रदेश की जनता के नाम मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया जायेगा। स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, कारगिल शहीदों के परिजनों एवं लोकतंत्र सैनानियों का सम्मान भी मुख्य अतिथि द्वारा किया जायेगा। साथ ही स्कूली बच्चों के रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी समारोह का मुख्य आकर्षण होंगे। समारोह में 14वीं वाहिनी के आरक्षक सुनील यादव अपने दाँतों से एक साथ 8 गाड़ियाँ खींचने का हैरत अंगेज करतब दिखाएंगे। इस अवसर पर आकर्षक विभागीय झाँकियाँ भी निकलेंगीं। भारतीय गरिमा के शीर्ष उत्सव गणतंत्र दिवस की वर्षगाँठ पर जिला मुख्यालय समेत विकास खण्ड, तहसील और ग्राम स्तर पर राष्ट्रीयता की भावना पर आधारित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे और शान के साथ राष्ट्रीय ध्वज फहराया जायेगा।



### पद्मा कन्या विद्यालय की बालिकाओं के साथ करेंगे सुरूचि भोज

प्रभारी मंत्री तुलसीराम सिलावट गणतंत्र दिवस समारोह में भाग लेने के बाद सीएम राइज स्कूल शासकीय पद्मा कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पहुँचेंगे। सिलावट यहाँ पर गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम के तहत बालिकाओं के साथ सुरूचि पूर्ण भोज में शामिल होंगे।

### संयुक्त राजस्व भवन में संभाग आयुक्त और कलेक्ट्रेट में कलेक्टर करेंगे ध्वजारोहण

गणतंत्र दिवस 26 जनवरी के अवसर पर संयुक्त राजस्व भवन में प्रातः 8 बजे संभाग आयुक्त मनोज खत्री और कलेक्ट्रेट में प्रातः 8:15 बजे कलेक्टर रुचिका चौहान ध्वजारोहण करेंगी। इस मौके पर विभिन्न कार्यालयों के अधिकारी- कर्मचारी भी उपस्थित रहेंगे। इसी तरह जिला पंचायत , जिले के सभी जनपद पंचायत के मुख्यालयों, नगर निगम ग्वालियर सहित जिले के सभी नगरीय निकायों मे शान के साथ तिरंगा फहराया जायेगा।

### गणतंत्र दिवस पर रोशनी से जगमग रहेंगे शासकीय भवन

गणतंत्र दिवस की संध्या पर महत्वपूर्ण शासकीय भवनों एवं राष्ट्रीय महत्व के ऐतिहासिक स्थानों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया जायेगा और रात्रि में रोशनी की जायेगी ।

# राष्ट्रभक्तों के लिए राजमाता का जीवन है प्रेरणास्रोतः राजपूत

■ राजमाता विजयाराजे की पुण्यतिथि पर ग्वालियर ग्रामीण जिला अध्यक्ष ने दी पुष्पांजलि

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर



भाजपा की वरिष्ठ नेत्री राजमाता विजयाराजे सिंधिया की पुण्यतिथि पर शनिवार को कटोराताल रोड स्थित सिंधिया राजवंश की छत्री स्थित राजमाता की समाधि पर पुष्पांजलि समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में भाजपा ग्वालियर ग्रामीण जिलाध्यक्ष प्रेम सिंह राजपूत ने श्रद्धेय राजमाता के प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर ग्रामीण कार्यकर्ताओं ने भी पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रेम सिंह राजपूत ने कहा कि श्रद्धेय राजमाता के आदर्श जीवन, सिद्धान्त और जनसेवा का भाव ना सिर्फ मेरे लिए बल्कि उन सभी राष्ट्रभक्तों के लिए प्रेरणा है, जो सांसारिक मोह-माया को त्यागकर राष्ट्रसेवा को अपना परम् धर्म समझते हैं। उन्होंने कहा 'भारतीय राजनीति में कार्यकर्ताओं को आगे लाने में राजमाता का महत्वपूर्ण योगदान रहा। वे राजपथ से निकलकर लोकपथ में आने वाली देश की पहली ऐसी महिला थीं, जिन्होंने महिला मोर्चा का गठन कर संगठन व देश के विकास को एक नई दिशा प्रदान की। इस अवसर पर जैकम सिंह कुशवाह, पूर्व मंडल अध्यक्ष आकाश भदौरिया, पुरानी छावनी मंडल अध्यक्ष अल्पेंद्र यादव, मुरार छावनी मंडल अध्यक्ष महेंद्र बाली, बेरजा मंडल अध्यक्ष चंद्रभान सिंह राणा, गिरवाई मंडल अध्यक्ष श्रीमती कमलेश कुशवाह, वार्ड 65 पार्षद भूपेंद्र कुशवाह, पार्षद मदन पाल, डॉ. सुरेश श्रीवास्तव, महामंत्री मिंटू किरार, पंकज किरार (सरपंच) सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## राजमाता विजयाराजे सिंधिया की पुण्यतिथि पर किया माल्यार्पण

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर



त्याग व समर्पण की प्रतिमूर्ति राजमाता विजयाराजे सिंधिया की पुण्यतिथि पर छत्री स्थित प्रतिमा स्थल पर माल्यार्पण कर पुष्पाजंलि अर्पित की। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री तुलसी सिलावट, ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, पूर्व मंत्री ध्यानेन्द्र सिंह, पूर्व मंत्री माया सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष जयप्रकाश राजौरिया, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य आशीष प्रताप सिंह राठौड़, जिला उपाध्यक्ष सुधीर गुप्ता सहित वरिष्ठ भाजपा नेता उपस्थित थे।

## 30 रोगियों ने कराया निःशुल्क कैंसर परीक्षण

**ग्वालियर।** मदन मेडीकेयर हॉस्पिटल इटावा में कैंसर हॉस्पिटल एवं रिसर्च इंस्टीट्यूट एवं इटावा के प्रसिद्ध ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ. विकास यादव के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क कैंसर परीक्षण, जांच एवं निदान परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉ. गुंजन श्रीवास्तव मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट ने कहा कि कैंसर के रोगी अब बढ़ते चले जा रहे हैं और इस क्षेत्र विशेष में हैड एंड नेक में मामले बहुत ज्यादा आ रहे हैं। डॉ. मोनिका दीवान गायनी-ऑन्कोलॉजिस्ट ने स्त्री स्वास्थ्य को समझाते हुए कहा कि एच.पी.वी. वैक्सीनेशन बहुत ही जरूरी है। कैम्प में 30 रोगियों ने अपना निःशुल्क परीक्षण कराया और परामर्श प्राप्त किया। कैम्प में निःशुल्क जांचें भी की गयी और 1 पैप-स्मीयर, 1 एफ.एन.ए.सी. एवं 1 पंच-बायोप्सी किये गए। आयुष्मान भारत सहित अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने की जानकारी भी रोगियों को दी गयी। कैंप में कैंसर हॉस्पिटल से डॉ. मोनिका दीवान, डॉ. गुंजन श्रीवास्तव, डॉ. तमोघ्न जाना, डॉ. राजकुमार श्रीवास्तव, डॉ. सन्तोष कुमार, सिस्टर निशा, सिस्टर संगीता, सिस्टर वंदना मिस हर्षिता, मि. यश, मि. देवेन्द्र, मि. ग्यान, मि. गणेशीलाल उपस्थित रहे।




## महापौर एवं विधायक डॉ. सिकरवार ने किया सीवर लाइन निर्माण के लिये भूमिपूजन

**ग्वालियर।** शहर की प्रथम नागरिक एवं महापौर डॉ. शोभा सिकरवार एवं 16 ग्वालियर पूर्व से कांग्रेस विधायक डॉ. सतीश सिकरवार ने वार्ड क्रमांक 21 के न्यू विवेक नगर से दुल्लपुर कुशवाह मौहल्ला होते हुये राजीव मारवल तक सीवर लाईन निर्माण के लिये भूमिपूजन किया। भूमिपूजन कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व पार्षद एवं कार्यवाहक अध्यक्ष चतुर्भुज धनौलिया, ब्लॉक अध्यक्ष विनोद जैन, पार्षद प्रमोद खरे, औतार सिंह कुशवाह, शोभाराम माहौर, सुनीता तोमर, एड. गुरून्द्र सिंह सोन, संजीव शर्मा, रामवीर गुर्जर, बबलू कुशवाह, जयभान सिंह गुर्जर, सुरेन्द्र कुशवाह, रामविलास कुशवाह एवं क्षेत्रवासी मौजूद रहे। भूमिपूजन कार्यक्रम में क्षेत्रवासियों द्वारा महापौर एवं विधायक डॉ. सिकरवार का पुष्पहार पहनाकर स्वागत किया।



# भक्तों को आंतरिक दिव्य महासागर के लिए प्रेरित किया

### महाकुंभ मेले में हुई डीजेजेएस की भजन संध्या

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ मेला 2025-विश्व का सबसे बड़ा धार्मिक आयोजन तीर्थ यात्रियों को त्रिवेणी संगम-गंगा, यमुना और सरस्वती नदियों के संगम पर अनुष्ठान करने का अवसर प्रदान कर रहा है। पवित्र कुम्भ का यह पर्व भक्तों को पावन स्नान और आध्यात्मिक शुद्धि के लिए महाकुम्भ मेले में आने के लिए आमंत्रित करता है। भक्तों को आंतरिक दिव्य सागर में ध्यानमग्न करने हेतु दिव्य गुरु आशुतोष महाराज संस्थापक एवं संचालक, डीजेजेएस के श्रेष्ठ मार्गदर्शन में दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान (डीजेजेएस) द्वारा महाकुम्भ मेला प्रयागराज में भजन संध्या कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विषय रहा 'भावांजली'- अर्थात् भगवान के चरणकमलों में धर्म व आध्यात्मिक पथ से जुड़े रहने व समाज कल्याण हेतु भक्तिपूर्ण प्रार्थना। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए दीप प्रज्वलन समारोह के लिए गणमान्य अतिथियों को आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम में असंख्य श्रद्धालुजन अपने भीतर ईश्वर दर्शन की पिपासा को तृप्त करने हेतु एकत्रित हुए। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण बनी भक्तिपूर्ण भजनों की श्रृंखला, जिसने भक्त हृदयों को आध्यात्म की दिव्य गाथा से जोड़ा। डीजेजेएस प्रतिनिधि साध्वी शैलासा भारती ने बड़े सुंदर व रोचक ढंग से समझाया कि ग्रंथों के अनुसार ईश्वर हम सब के भीतर विद्यमान है और हमें उन्हें अपने भीतर खोजने का प्रयास करना चाहिए। पूर्ण गुरु की कृपा से अपने भीतर ईश्वर का दर्शन करना संभव है। ब्रह्मज्ञान वह सनातन प्रक्रिया है जिसमें पूर्ण गुरु अपने शिष्य के मस्तक पर कृपा हस्त रख उसके आज्ञा चक्र को सक्रिय कर देते हैं, अर्थात् उसके तृतीय नेत्र को जागृत कर देते हैं, तब शिष्य अपनी आत्मा के भीतर ही ईश्वर का दर्शन करता है। जिस प्रकार 'त्रिवेणी संगम' गंगा, यमुना व सरस्वती नदियों का संगम है। उसी प्रकार आज्ञा चक्र भी इड़ा, पिंगला व सुषुम्ना नाड़ियों (3 ऊर्जा प्रणालियों) का संगम है, जो जीवन शक्ति की आपूर्ति के लिए उत्तरदायी होती हैं। दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान (डीजेजेएस) ब्रह्मज्ञान की इसी शाश्वत विधि को प्रदान करने हेतु प्रतिबद्ध है, जो तन, मन व आत्मा की वास्तविक आध्यात्मिक शुद्धि की ओर ले जाती है और भक्तों को आंतरिक दिव्य महासागर में ध्यानमग्न कर ईश्वर से जोड़ती है। उपस्थित श्रद्धालु व गणमान्य अतिथिगण संस्थान की आध्यात्मिक ज्ञान, डीजेजेएस के लक्ष्य और उसके निमित्त प्रत्येक कार्यकर्ता, प्रचारक व प्रतिनिधि की निःस्वार्थ सेवा को देखकर आश्चर्यचकित व मंत्रमुग्ध हुए। अतः डीजेजेएस के प्रति हार्दिक आभार प्रकट करते हुए उन्होंने संस्थान के सामाजिक व आध्यात्मिक प्रकल्पों में योगदान हेतु अपनी गहन रुचि दिखाई।





वैश्य फाउंडेशन महिला इकाई द्वारा पंजाबी थीम पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया

# मस्ती, धमाल, रंग-बिरंगे परिधान और पंजाबी संगीत ने मनमोहा

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

वैश्य फाउंडेशन महिला इकाई ने शुक्रवार को राजभोग सिटी सेंटर में एक विशेष पंजाबी थीम पर आधारित कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में पंजाबी संस्कृति और परंपराओं को जीवित करते हुए, महिला भागीदारों ने शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में मस्ती, धमाल, रंग-बिरंगे परिधान और पंजाबी संगीत ने माहौल को खुशनुमा बना दिया। इस अवसर पर पटियाला परिधान विशेष आकर्षण का केंद्र बने, जिसमें महिलाओं ने पारंपरिक पंजाबी परिधान, जैसे पटियाला सलवार, सलवार कमीज, और खूबसूरत चूड़ियां पहनी थीं। इन परिधानों में महिलाएं बहुत ही आकर्षक और आत्मविश्वास से भरी नजर आ रही थीं। कार्यक्रम के दौरान पंजाबी लोक संगीत और भांगड़ा नृत्य ने सभी का मन मोह लिया। खास तौर पर भांगड़ा और गिद्दा के प्रदर्शन ने दर्शकों का दिल छू लिया, जिसमें सभी महिलाएं उत्साह से झूम उठीं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुकेश अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि श्रीमती माया अग्रवाल, संस्थान की मेंटोर श्रीमती ममता अग्रवाल एवं श्रीमती ज्योत्सना भसीन उपस्थित रहीं। अध्यक्षता वैश्य फाउंडेशन महिला इकाई की अध्यक्ष श्रीमती शशि गर्ग थीं। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को एकजुट करना और उन्हें अपनी सांस्कृतिक धरोहर से जोड़ना था। वैश्य फाउंडेशन की महिला इकाई ने महिलाओं को अपनी पारंपरिक संस्कृति को बनाए रखते हुए सामूहिक रूप से आनंदित होने का अवसर प्रदान किया। साथ ही यह कार्यक्रम महिलाओं के आत्म-सम्मान को बढ़ावा देने और एक दूसरे के साथ सामूहिकता की भावना को प्रोत्साहित करने का भी एक प्रयास था। कार्यक्रम में स्थानीय समुदाय के सदस्य भी शामिल हुए और इसका जमकर आनंद लिया। इस आयोजन से न केवल महिलाओं को एकजुट होने का मौका मिला, बल्कि पंजाबी संस्कृति की सुंदरता और विविधता को भी महसूस किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम की संयोजक श्रीमती सरिता अग्रवाल, श्रीमती नमिता अग्रवाल, श्रीमती सपना अग्रवाल, श्रीमती नयन अग्रवाल सहित संस्था की पदाधिकारी उपस्थित रहीं। अंत में आभार सचिव श्रीमती रश्मि गोयल ने दिया



### यह रहीं विजेता

कार्यक्रम के दौरान आयोजित प्रतियोगिताओं में पंक्चलिटी विनर श्रीमती सरिता जैन रहीं। पासिंग द पास ज्वेलरी के प्रथम विजेता श्रीमती रितु अग्रवाल, द्वितीय श्रीमती साधना सिंघल, म्यूजिक तड़का गेम की विजेता श्रीमती अलका अग्रवाल, द्वितीय श्रीमती अर्चना गोयल, पंजाबी थीम में श्रीमती शालिनी गोयल, श्रीमती माधुरी गर्ग, श्रीमती वैशाली अग्रवाल रहीं।



## कायस्थ महापंचायत का संक्रांति मिलन व परिचय सम्मेलन आज

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

कायस्थ महा पंचायत ग्रेटर ग्वालियर का मकर संक्रांति मिलन समारोह एवं युवक-युवती परिचय सम्मेलन 26 जनवरी को शहर के प्रसिद्ध मन्दिर पऊआ वाली माता मन्दिर परिसर, सागरताल चौराहे के नजदीक सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए कायस्थ महा पंचायत ग्रेटर ग्वालियर के प्रचार प्रसार व्यवस्थापक राकेश श्रीवास्तव ने बताया कि महापंचायत के पास तकरीबन तीन सौ आवेदन बायोडाटा आ चुके हैं, इनमें विधवा एवं तलाकशुदा बहनों के अलावा विधुर युवकों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। महापंचायत के संरक्षक राकेश श्रीवास्तव, महासचिव सतीश श्रीवास्तव, सह सचिव डॉ. जितेन्द्र सक्सेना, हरीबाबू श्रीवास्तव, श्याम श्रीवास्तव, सन्तोष श्रीवास्तव, भगवती चरण श्रीवास्तव, राजेश्वर राव, डी.पी. निगम, आशीष श्रीवास्तव के साथ महिला विंग की कार्यकारी अध्यक्ष श्रीमती स्मिता श्रीवास्तव, अर्चना श्रीवास्तव, सुजाता सक्सेना, पूजा श्रीवास्तव, श्रद्धा भटनागर आदि ने सम्मेलन में बड़ी संख्या में समाजबंधुओं से शामिल होने की अपील की है।

सत्ता न्यूज

पुनीत कार्य में हर प्रकार से करूंगा सहयोगः प्रद्युम्न

# अंधेरी जिंदगी को प्रकाशित कर रहा गुरुदेव ट्रस्टः संत कृपाल

### निःशुल्क नेत्र परीक्षण एवं लैंस प्रत्यारोपण शिविर में 600 परीक्षण एवं 400 मरीज लैंस प्रत्यारोपण के लिए चिन्हित

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

स्व. आशा देवी की स्मृति में गुरूदेव चैरिटेबल ट्रस्ट ने रतन ज्योति चैरिटेबल ट्रस्ट के सहयोग से मोतियाबिंद से पीड़ित रोगियों की अंधेरी जिंदगी को पुनः प्रकाशित करने का जो बीड़ा उठाया है, उससे बढ़कर कोई पुण्य काम नहीं हैं। यह विचार संत कृपाल सिंह महाराज ने माह की हर 25 तारीख को आयोजित किए जा रहे नेत्र परीक्षण एवं लैंस प्रत्यारोपण शिविर के दौरान शनिवार को व्यक्त किए। इस मौके पर ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा कि लोगों के निःशुल्क रोशनी देने का जो पुनीत कार्य है, इसमें मैं हर प्रकार का सहर्ष सहयोग करने को तैयार हूं। इस दौरान 627 मरीजों का परीक्षण हुआ एवं 400 मरीजों को लैंस प्रत्यारोपण के लिए चिन्हित किया गया। इस मौके पर संत कृपाल सिंह महाराज ने कहा कि 1914 से लगातार हर माह 25 तारीख को निःशुल्क शिविर आयोजित कर 60 हजार लैंस प्रत्यारोपण कराना साधारण काम नहीं हैं, इस कार्य के लिए अशोक जैन एवं उनकी पूरी टीम को साधुवाद देता हूं और डॉ. पुरेंद्र भसीन से आग्रह करता हूं कि वे राजपूत बोर्डिंग में भी लैंस प्रत्यारोपण का शिविर आयोजित कराएं। इस मौके पर डॉ. पुरेंद्र भसीन ने कहा कि रतन ज्योति चैरिटेबल ट्रस्ट 2008 से अब तक 5 लाख निःशुल्क लैंस प्रत्यारोपण करा चुका है, जिसमें सबसे ज्यादा 60 हजार लैंस प्रत्यारोपण अशोक जैन के नेतृत्व में गुरूदेव चैरिटेबल ट्रस्ट के सहयोग से कराए गए हैं। स्वागत भाषण देते हुए डॉ. दीपक अग्रवाल ने दिया। इस मौके पर शीला जैन ने सभी अतिथियों का शॉल, श्रीफल से सम्मान किया। इस अवसर पर रामबाबू अग्रवाल, आलोक जैन सहित तमाम स्वयंसेवकों ने शिविर में सहयोग किया। शिविर का लाभ उठाने के लिए सुबह 6 बजे से कतारें लगना शुरू हो गईं और दोपहर 1 बजे तक सभी मरीजों का परीक्षण कर लैंस प्रत्यारोपण के लिए चिन्हित कर दिया गया।




# माधव महाविद्यालय ने ली मतदान करने की शपथ

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

15वां मतदाता दिवस 2025 की थीम 'वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम' के साथ मतदान में अपनी सहभागिता कर मतदान प्रतिशत बढ़ाना मुख्य उद्देश्य है। विश्व में भारत जैसे सबसे बडे लोकतंत्र में मतदान को लेकर कम होते रूझानों को देखते हुये इस दिवस को मनाने की आवश्यकता महसूस हुई। वर्ष 2011 से राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 जनवरी को मनाये जाने लगा। 'मतदाता बनने का गर्व है, मतदान को तैयार है' के उद्देश्य के साथ यह कार्यक्रम सभी शासकीय व अशासकीय महाविद्यालयों में राष्ट्रीय मतदाता दिवस के रूप में समस्त छात्र-छात्राओं व स्टाफ द्वारा शपथ के रूप में मनाया जाता है। मतदान करना आज प्रजातंत्र में अनिवार्य हो गया है क्योंकि बिना मतदान के एक सशक्त राष्ट्र का निर्माण नहीं हो सकता है। हमें अपने मत का अधिकार अनिवार्य व सतर्कता के साथ करना चाहिए। कार्यक्रम में डॉ. शिवकुमार शर्मा प्राचार्य माधव महाविद्यालय, जिला संगठक ग्वालियर डॉ. मनोज अवस्थी, स्टाफ कांउसिल सचिव डॉ. नीलेन्द्र सिंह तोमर एवं वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ. संजय कुमार पाण्डेय की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। डॉ. मनोज अवस्थी ने बताया कि सशक्त राष्ट्र के निर्माण के लिये युवाओं की आवश्यकता होती है। इसके तहत भारत सरकार द्वारा युवा वर्ग को अपने मत के अधिकार से वंचित ना रह जाये इसलिए माधव महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 जनवरी को मनाया जाता है। छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुये अध्यक्ष डॉ. शिवकुमार शर्मा प्राचार्य माधव महाविद्यालय ने कहा कि यह आज मतदाता दिवस के अवसर पर छात्र-छात्रायें एक शपथ लें कि वह कभी भी अपने मतदान के अधिकार को व्यर्थ नहीं होने देंगे क्योंकि मतदान के दिवस पर सरकारी अवकाश रहता है। यह कार्यक्रम माधव महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा किया गया। राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शपथ डॉ. शिवकुमार शर्मा द्वारा छात्र-छात्राओं व स्टाफ के लोगों को दिलाई गई। कार्यक्रम में डॉ. कौशलेन्द्र अवस्थी, डॉ. प्रशान्त साहू, डॉ. संतोष शर्मा, डॉ. राकेश करहेरिया, डॉ. दिनेश सिंह कुशवाह, डॉ. निवेदिता पांचाल, डॉ. सरिता दीक्षित, डॉ. विजय पाण्डेय, डॉ. संजय गुप्ता, डॉ. चंचल शिवहरे, डॉ. दीप्ति नारंग, डॉ. दीपक शिंदे, डॉ. मंदाकिनी शर्मा, प्रो. प्रेक्षा नाईक, डॉ. प्रेम सिंह, डॉ. योजना तिवारी, मुलायम सिंह जादौन, चंद्रकांत मोघे, वैभव मोघे, मुकुल सप्रे, वीर सिंह, संदीप ढेरे, विष्णु, स्वयंसेवक आशुतोष पालीवाल, रवि बाथम, सोमिन खान, मनीष साहू, पुष्पेंद्र सविता, रोहन अरोरा, दिया अग्रवाल, अंजली कुशवाह, रितेश सेन आदि उपस्थित थे।



गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।
श्री राजेश बरोलिया उप सरपंच
श्री देवेंद्र सिंह सचिव
श्री श्रीराम सरपंच
सौजन्य - ग्राम पंचायत चादमाऊ

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।
सौजन्य - शासकीय अनुसूचित जाति छात्रावास

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।
श्री सुरेश यादव सरपंच
सौजन्य - ग्राम पंचायत तोड़ा गौतमिया

आव्या परिवार ओर से
आप सभी देश और प्रदेश वासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक
बधाई
शुभकामनाएं
पं. अमित दुबे (संचालक)
आव्या पब्लिक कॉन्वेंट हाईस्कूल खुरई
पता: इंद्रप्रस्थ कॉलोनी, बैंक ऑफ बड़ौदा के पास खुरई

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।
पंडित श्री धीरेन्द्र शास्त्री
श्री विक्रम ठेकेदार
सौजन्य - श्री विक्रम ठेकेदार जरूआखेड़ा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।
श्री कृष्ण नरेश यादव वनरक्षक
सौजन्य - वन परिक्षेत्र खुरई

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।
श्री देवेंद्र सेठ
श्री महेंद्र यादव
विज्ञापन संकलनकर्ता महेंद्र यादव जरुआ खेड़ा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।
श्री संदीप यादव ठेकेदार
सौजन्य - श्री संदीप यादव ठेकेदार

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।
श्री लखन लाल जी सरपंच
श्री राजाराम सचिव
सौजन्य -ग्राम पंचायत जरूआखेड़ा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।
श्रीमती पूजा चादर सरपंच
सौजन्य - ग्राम पंचायत जालंधर

समस्त क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
मान. अरूण यादव
वीरसिंह यादव
महासचिव - म.प्र. कांग्रेस कमेटी, भोपाल

गणतंत्र दिवस के पावन पर्व समस्त क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनायें
डालचंद पटेल
-: संचालक :-
कार्मस कोचिंग क्लासेस
शिक्षक-बी.बी.एम. कॉलेज, बीना
निवास-प्रताप वार्ड, बीना

गणतंत्र दिवस की समस्त क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनायें
अवधेश राय
क्षत्रिय युवा खंगार समाज अध्यक्ष, बीना जिला सागर

गणतंत्र दिवस की समस्त क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनायें
मान.मोहन यादव मुख्यमंत्री
मान.कैलाश विजयवर्गीय मंत्री
मान.दिलीप अहिरवार मंत्री
मान.भूपेन्द्रसिंह ठा. पूर्वमंत्री/विधायक-खुरई
पी.एन. अहिरवार
सेवा निवृत्त एसबीआई अधिकारी
भाजपा नेता, बीना

गणतंत्र दिवस की समस्त क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनायें
अरिहंत ई-स्टॉम्प
तहसील के सामने, विमलासा रोड, बीना जिला-सागर
हमारे यहां हिन्दी, इंग्लिश टाईपिंग ई-स्टाम्प, खसरा, बी-वन, रजिस्ट्री, नामांतरण, बेनामा, किरायानामा आदि कार्य किया जाता है।
प्रो.- निक्की जैन

मान.जीतू पटवारी प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष
मान.इंदर यादव ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष
मान.अनुराग ठाकुर शहर कांग्रेस अध्यक्ष, बीना
मान.पोथी नायक जिला संगठन मंत्री
मान.सी.पी. तिवारी वरिष्ठ इंका नेता, बीना
गणतंत्र दिवस की समस्त क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनायें
मान.प्रभुसिंह ठाकुर (पूर्व मंत्री)
राजू चढ़ार वरिष्ठ इंका नेता, बीना
शिवकुमार चढ़ार जनपद सदस्य, बीना

मान.मोहन यादव मुख्यमंत्री
मान.भूपेन्द्रसिंह ठा. पूर्वमंत्री/विधायक-खुरई
गणतंत्र दिवस की समस्त क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनायें
कमलेश राय
पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष, खुरई

गणतंत्र दिवस की समस्त क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनायें
मान.प्रभुसिंह ठाकुर पूर्व मंत्री
मान.आनंद अहिर. जिला कांग्रेस अध्यक्ष
मान.इंदर यादव ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष
मान.अनुराग सिंह ठा. शहर कांग्रेस अध्यक्ष
खुशीलाल अहिरवार
जिला पंचायत सदस्य, बीना जिला-सागर

मान.प्रभुसिंह ठाकुर पूर्व मंत्री
मान.आनंद अहिरवार
श्री इंदर यादव
श्री अनुराग सिंह ठा.
गणतंत्र दिवस की समस्त क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनायें
प्रमोद राय
जिला अध्यक्ष-राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस इंटक

गणतंत्र दिवस की समस्त क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनायें
इरफान खान
(समाज सेवी)
-: सौजन्य से :-
इरफान बैटरी, आगासौद रोड, बीना
जिला-सागर म.प्र.

गणतंत्र दिवस की समस्त क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनायें
श्री राजेन्द्र उपाध्याय नगर मंडल अध्यक्ष
श्री संजय उपाधयाय सरपंच संघ अध्यक्ष
श्रीमति सुनीता कटारे सचिव
श्री मनोज दीक्षित रोजगार सहायक
सौजन्य से - ग्राम पंचायत गढ़ा, बीना

मा.राहुल गांधी जी
मान.जीतू पटवारी प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष
मान.जयवर्धनसिंह पूर्व मंत्री
मान.प्रभुसिंह ठाकुर पूर्व मंत्री
मान.आनंद अहिर. जिला कांग्रेस अध्यक्ष
मान.इंदरसिंह ठा. सर्वाक कांग्रेस संयोजक
मान.अनुराग ठा.
समस्त ग्रामवासियों एवं नगरवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
इंदर यादव ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष

मान.जीतू पटवारी प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष
मान.प्रभुसिंह ठाकुर पूर्व मंत्री
मान.आनंद अहिर. जिला कांग्रेस अध्यक्ष
मान.इंदर यादव ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष
मान.इंदरसिंह ठा.
मान.अनुराग सिंह ठा. शहर कांग्रेस अध्यक्ष
गणतंत्र दिवस की समस्त क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनायें
अशोक परिहार वरिष्ठ कांग्रेसी नेता,
बीना जिला सागर म.प्र.

गणतंत्र दिवस की समस्त क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनायें
संजय बापट
पूर्व जिला महामंत्री भाजपा

महाकुंभ के पिछले 10 दिनों में 10 करोड़ लोगों ने डुबकी लगाई, अगले 35 दिनों में यह संख्या बढ़कर 45 करोड़ होने की उम्मीद

# सीएम योगी बोले- महाकुंभ एकता को बढ़ावा देने का आयोजन

सत्ता सुधार ■ प्रयागराज

महाकुंभ के मंच से सीएम योगी आदित्यनाथ ने देश की एकता और अखंडता का संदेश दिया। उन्होंने सनातन धर्म को विराट वटवृक्ष की संज्ञा दी और कहा कि इसकी तुलना किसी छोटे पंथ या संप्रदाय से नहीं की जा सकती।

योगी ने जोर देकर कहा कि दुनिया में अन्य संप्रदाय हो सकते हैं, लेकिन धर्म सिर्फ एक है- सनातन धर्म...। दरअसल, सीएम योगी प्रयागराज में अखिल भारतीय अवधूत भेष बारह पंथ-योगी महासभा कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। सीएम योगी ने पौष पूर्णिमा के अवसर पर त्रिवेणी संगम में पवित्र डुबकी लगाने वाले लोगों की महत्वपूर्ण संख्या पर प्रकाश डाला। साथ ही महाकुंभ 2025 को देखने का अवसर मिलने पर आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि हम भाग्यशाली हैं कि हमें महाकुंभ 2025 को देखने का अवसर मिला, पौष पूर्णिमा के अवसर पर बड़ी संख्या में लोगों ने त्रिवेणी संगम में पवित्र डुबकी लगाई। पीएम मोदी ने सही कहा कि यह सदी का भारत है। सीएम योगी ने कहा, महाकुंभ एकता को बढ़ावा देने वाला आध्यात्मिक आयोजन है, जहां दुनिया भर से आए लोगों का स्वागत किया जाता है। भोजन और आश्रय की सभी जरूरतों को भरपूर आशीर्वाद और प्रसाद के साथ पूरा किया जाता है। योगी ने इस बात पर जोर दिया कि एक साथ बैठना सिर्फ एक शारीरिक क्रिया नहीं है, बल्कि एक आध्यात्मिक जुड़ाव है, जहां सभी संत भाई-बहनों की तरह आते हैं और भेदभाव को पार करते हैं।

## 12 महीने 12 दिन में बनकर हुआ तैयार

इधर, अखंड हिंदू राष्ट्र का पहला संविधान बनकर तैयार हो चुका है। महाकुंभ में वसंत पंचमी तीन फरवरी को शुभ मुहूर्त में इसे देश की जनता के सामने रखा जाएगा। 12 महीने 12 दिन में हिंदू राष्ट्र के संविधान को उत्तर और दक्षिण भारत के 25 विद्वानों ने तैयार किया है। चारों पीठ के शंकराचार्य की सहमति के बाद इसको केंद्र सरकार को भी भेजा जाएगा। 501 पन्नों के संविधान को रामराज्य, श्रीकृष्ण के राज्य, मनु स्मृति और चाणक्य के अर्थशास्त्र को आधार बनाकर तैयार किया गया है। हिंदू राष्ट्र संविधान निर्माण समिति में उत्तर भारत के 14 और दक्षिण भारत के 11 विद्वान शामिल किए गए हैं। संविधान निर्माण समिति ने धर्मशास्त्रों के साथ ही रामराज्य, श्रीकृष्ण के राज्य, मनुस्मृति और चाणक्य के अर्थशास्त्र का अध्ययन करने के बाद हिंदू राष्ट्र के संविधान को तैयार किया है।

## एनकाउंटर में 50 हजार रुपए का इनामी नईम ढेर

**मेरठ।** उत्तर प्रदेश के मेरठ में पुलिस ने मुठभेड़ में 50 हजार रुपए के इनामी बदमाश को मार गिराया है। बदमाश नईम पर परिवार के पांच लोगों की हत्या करने वाला आरोप था। मेरठ के लिसाड़ी गेट थाना के समर गार्डन क्षेत्र में यह मुठभेड़ हुई है। मेरठ पुलिस ने लिसाड़ी गेट थाना इलाके में पांच हत्या के आरोपी बदमाश नईम को मुठभेड़ में मार गिराया है। शनिवार को तड़के तीन बजे लिसाड़ी गेट थाना इलाके में यह मुठभेड़ हुई है। पुलिस ने नईम पर 50,000 रुपये का इनाम रखा हुआ था। नईम ने अपने सौतेले भाई राजमिस्त्री मोईन, पत्नी आसमा और उनकी तीन बेटियों की हत्या का मुख्य आरोपी था। अन्य राज्यों में भी नईम पर हत्या के मुकदमे दर्ज थे। लगातार मेरठ पुलिस उसकी तलाश में जुटी थी। बताया जा रहा है कि पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली थी।


जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्या. सीहोर (म.प.)

26 जनवरी गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर बैंक के अमानतदारो ग्राहको एवं किसान बंधुओ को हार्दिक अभिनंदन एवं कोटि–कोटि बधाई

सहकारिता से समृद्धि | बिन सहकार नही उद्धार

आकर्षक योजनाऍं

जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक एवं संबद्ध बहुउद्देशीय प्राथमिक साख सहकारी संस्थाओं के माध्यम से संचालित जनकल्याणकारी योजनायें:–

1. पात्र कृषको को किसान क्रेडिट कार्ड प्रदाय करना।
2- किसानो को शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर 3.00 लाख तक का अल्पकालीन कृषि ऋण।
3. पशुपालन एवं मत्स्य पालन हेतु कार्यशील पूंजी पर ऋण।
4. संस्थाओं द्वारा खाद–बीज आदि पर ऋण।
5. पैक्स द्वारा ई–उपार्जन जैसे गेहू,चना,धान,मूंग,मंसूर आदि की समर्थन मूल्य पर खरीदी।
6. सार्वजानिक वितरण प्रणाली के तहत,खाद्यान्न एवं कैरोसिन का उपभोक्ताओ को वितरण।
7. प्रधानमंत्री भारतीय जन–औषधि केन्द्रो के माध्यम से जेनेरिक दवाईयों का विकय शीघ्र प्रारम्भ।
8. सहकारी बैंक माध्यम से राशि ट्रांसफर हेतु RTGS/NEFT/IMPS/CTS/BBPS सुविधा।
9. सहकारी बैंक मे लॉकर सुविधा एवं ATM कार्ड एवं चेक बुक सुविधा।
10. सभी पैक्स मे कॉमन सर्विस सेंटर जिन पर 300 से अधिक सेवायें शीघ्र ही उपलब्ध।
11. पैक्स के माध्यम से मध्यकालीन कृषि ऋण कुआ,पम्पसेट,लिप्ट एरिगेशन,गोबर गैस,पशुपालन,मुर्गीपालन,मछली पालन,पाईप लाईन इत्यादि ऋण।
12. व्यवसाय हेतु केश क्रेडिट लिमिट।
13. वेयर हाउस रसीद तारण ऋण।
14. अमानत तारण ऋण।
15. उच्च शिक्षा ऋण।
16. आवास निर्माण हेतु ऋण।
17. अमानतो पर सर्वाधिक ब्याज दिया जाता है।
18. प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना।
19. जीवन ज्योति बीमा योजना।
20. सुरक्षा बीमा योजना।
21. अटल पेंशन योजना।
22. वरिष्ठ नागरिकों को अमानतो पर 1 प्रतिशत अधिक ब्याज।

उपरोक्त योजनाओं से संबंधित अधिक जानकारी के लिए जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित सीहोर की नजदीकी शाखा एवं प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति से संपर्क करे।

पी.एन. यादव
मुख्य कार्यपालन अधिकारी

प्रवीणसिंह अढायच
कलेक्टर एवं प्रशासक



गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
राजेन्द्र बग्गा
बग्गा स्टोन क्रेशर दमोह

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
आजीविका मिशन
जिला - दमोह

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
दुलीचंद पटैल
पटैल स्टोन क्रेशर दमोह

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
श्रीमति उमा देवी खटीक
विधायक हटा
जिला- दमोह





गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
खनिज विभाग
खनिज अधिकारी दमोह (म.प्र.)

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
आजीविका मिशन
बटियागढ़ जिला - दमोह

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
आजीविका मिशन
तेन्दूखेड़ा जिला - दमोह

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
संजीत राय
आबकारी ठेकेदार जिला- दमोह (म.प्र.)

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
शुभम अग्रवाल
कार्यपालन यंत्री, जल संसाधन विभाग दमोह (म.प्र.)

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
कार्यपालन यंत्री
म.प्र. गृह निर्माण विभाग जिला- दमोह

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
प्रशांत शर्मा/ प्रवीण शर्मा
शर्मा स्टोन क्रेशर
शासकीय ठेकेदार जिला- दमोह (म.प्र.)

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
दलवीर सिंह मार्को
यातायात थाना प्रभारी दमोह (म.प्र.)

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
वनमंडल अधिकारी
वन विभाग जिला- दमोह (म.प्र.)

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सुंदर लाल विश्वकर्मा
अध्यक्ष
संतोष दुबे
उपाध्यक्ष
राजेश अवस्थी
सी.एम.ओ.
नगर परिषद पथरिया जिला- दमोह (म.प्र.)

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
हेमराज अहिरवाल
पार्षद बजरिया वार्ड नं. 5 दमोह

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
मुख्य कार्यपालन यंत्री
जनपद पंचायत जिला- दमोह

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
श्रीमति प्रीति/ कमल ठाकुर
अध्यक्ष
जनपद पंचायत जिला- दमोह

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
रामभरत कटारे
मुख्य कार्यपालन यंत्री जन.पंचा. पथरिया दमोह

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
मुख्य कार्यपालन यंत्री
जनपद पंचायत पटेरा जिला- दमोह


**स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक गोपाल श्रीवास्तव** के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, बाराघाटा इंडस्ट्रीयल एरिया प्लाट नं. 12ए झांसी रोड़ ग्वालियर से मुद्रित एवं गुरुद्वारा चौराहा, शिवपुरी से प्रकाशित। संपादक गोपाल श्रीवास्तव। **मोबाईल न.** 9893126900, 7869966100, फोन- 403553 । **स्थानीय संपादक दीपक अरोरा***।
आर.एन.आई. नं. एम पी एच आई एन/2000/2530 विधिक सलाहकार श्री राजेंद्र जैन, एडवोकेट, **शिकायत एवं सुझाव हेतु संपर्क करें**-6261052058, ई मेल- sattasudhar@gmail.com* समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार।